# आंधी-बारिश से जनजीवन बेपटरी, बिजली आपूर्ति लड़खड़ाई

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


बारिश के चलते जनेस्मा के सामने गिरा पेड़। अमृत विचार


शहर में बारिश के साथ गिरते ओले। अमृत विचार


राजकमल के पीछे सरावगी भीतरी पीरबटावन वार्ड में उफनाते नाले। अमृत विचार

**अमृत विचार:** एक सप्ताह के भीतर मौसम ने तीसरी बार करवट ली। सोमवार सुबह घने बादलों ने अंधेरा कर दिया। कुछ ही पलों में आंधी ने फिर जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। एकबारगी मौसम सर्द हो गया। बिजली आपूर्ति फिर बेपटरी हुई और फील्ड स्टाफ के हाथ पांव फूल गए। सप्ताह भर के अंदर बारिश, आंधी वाले मौसम को लेकर लोग हैरान थे ही कि सोमवार सुबह सामान्य मौसम ने अचानक पलटी मारी। आसमान पर छाए घने काले बादलों ने ऐसा अंधेरा किया कि घर के अंदर उजाला करना पड़ा तो मार्गों पर वाहनों की हेडलाइट जल गईं। लोग अंदाजा लगा ही रहे थे कि तेज हवाओं ने आंधी का रूप ले लिया। आंधी के साथ जिले में अनगिनत जगहों पर टीनशेड उड़े, पेड़ व बिजली के खंभे धराशायी हो गए। उड़ती धूल पर कुछ ही पलों बाद हुई बारिश ने काबू किया पर झूम झूमकर बरसे बादलों ने किसी को संभलने का मौका नहीं दिया। ऐसा पानी बरसा कि शहर में जगह जगह जलभराव हो गया। निरीक्षण पर आए प्रभारी मंत्री को भी जलभराव से होकर गुजरना पड़ा। नाले, नालियां उफना गईं और गंदा पानी सड़क पर बहता रहा। सबसे बड़ी परीक्षा बिजली विभाग को देनी पड़ी, सोमवार के बदलाव ने बिजली आपूर्ति को ध्वस्त करके रख दिया। शहरी इलाके में तो कुछ घंटे लगे पर तहसील, कस्बा, नगरीय व ग्रामीण इलाकों में ऐसी बिजली गुल हुई कि शाम तक आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी। मोबाइल बंद होते ही संपर्क टूट गया। गनीमत यह कि बदले मौसम की वजह से पारा लुढ़का तो बिजली की कमी कम महसूस हुई वरना स्थिति बड़ी ही विस्फोटक हो जाती। हालांकि लगातार आपूर्ति पर हो रही चोट के बाद व्यवस्था सुचारू करने में विभाग को नाकों चने चबाने पड़े। उधर आंधी बारिश का विपरीत असर खरबूज, तरबूज आदि फसलों पर पड़ा लेकिन मेंथा के लिए यह बारिश मुफीद साबित हुई। **रामसनेहीघाट प्रतिनिधि** के अनुसार तेज आंधी और तूफान से बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। विद्युत वितरण खंड के अधिशासी अभियंता विमलेश ने बताया कि आंधी की चपेट में आकर करीब 25 स्थानों पर बिजली के खंभे धराशायी हो गए, जिससे तीन दर्जन से अधिक गांवों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। आकलन के अनुसार विभाग को पांच लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। बिजली गुल होने से पेयजल, घरेलू कामकाज और खेती-किसानी पर भी असर पड़ा है।

## न्यूज ब्रीफ

### ज्येष्ठ माह का पहला बड़ा मंगल आज

**बाराबंकी, अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह का पहला बड़ा मंगल (बुढ़वा मंगल) आज मनाया जाएगा। इस बार 19 साल बाद दुर्लभ संयोग बन रहा है जिसमें ज्येष्ठ मास में चार नहीं, बल्कि कुल आठ बड़े मंगल पड़ेंगे। यह दिन हनुमान जी की पूजा और भंडारे के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। बड़े मंगल के दिन हनुमान जी को ये एक खास चीज चढ़ाने से भक्तों के सभी संकट शीघ्र दूर हो जाते हैं। मंगलवार की सुबह हनुमान मंदिरों में पूजा-पाठ को लेकर भक्तों की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहेंगे। जगह-जगह भण्डारे का आयोजन होगा।

### रिक्त सभासद पद पर उपचुनाव आज

**सुबेहा, बाराबंकी :** आदर्श नगर पंचायत सुबेहा के पलिहारन का पुरवा वार्ड में रिक्त सभासद पद के लिए आज मतदान होगा। मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर नए सभासद का चयन करेंगे। इस उपचुनाव में छेद्दन रावत और गंगाराम रावत के बीच सीधा मुकाबला है। बता दें कि यहां से सभासद रहे राम कैलाश रावत के निधन के बाद सीट रिक्त हो गई थी जिससे उपचुनाव कराया जा रहा है।

### तिलक समारोह से युवक की बाइक चोरी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली सतरिख क्षेत्र में तिलक समारोह के दौरान एक युवक की बाइक चोरी कर ली गई। ग्राम दारापुर निवासी विकास एक मई को अपने मित्र के तिलक समारोह में ग्राम जफरपुर गया था। उसने अपनी बाइक समारोह स्थल से करीब 100 मीटर दूर मंदिर के पास खड़ी की थी। रात करीब 12 बजे जब वह बाइक लेने पहुंचा तो नहीं मिली। उसने आसपास मोटरसाइकिल की काफी तलाश की। अंत में थक-हारकर उसने रविवार को कोतवाली में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

### छेड़खानी का विरोध करने पर की मारपीट

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी :** दरियाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में शौच के लिए गई महिला के साथ छेड़खानी और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। तहरीर के अनुसार, एक व्यक्ति की पत्नी बीती एक मई की शाम करीब 6:30 बजे घर से दक्षिण दिशा में स्थित गैस एजेंसी के पीछे शौच के लिए गई थी। इसी दौरान गांव का ही आरोपी युवक वहां पहुंचा और महिला के साथ छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने महिला का गला दबाया और उसके गाल व हाथ में दांत से काट लिया। महिला के शोर मचाने पर उसका पति व आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए।

### अवैध कब्जे का विरोध करने पर की मारपीट

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** सुबेहा थाना क्षेत्र के महानगर मजरे शरीफाबाद गांव में जमीन पर कब्जे के विरोध को लेकर मारपीट हो गई। तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव की शैलेश तिवारी पत्नी राधाकृष्ण ने तहरीर में बताया कि 3 मई की शाम गांव के ही कुछ लोग उनकी बांस की कोठी काटकर जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने विरोध किया तो आरोपियों ने उनसे गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी, मारपीट भी की। पीड़िता के अनुसार, बचाव के लिए आई उनकी देवरानी कविता पत्नी बलराम तिवारी को भी आरोपियों ने पीट दिया, जिससे दोनों को चोटें आई। मामले की शिकायत पुलिस से की गई। प्रभारी निरीक्षक बेचू सिंह यादव ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


निरीक्षण करते एसडीएम आनंद तिवारी। अमृत विचार

### मेले की तैयारियों का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**रामनगर, बाराबंकी :** पौराणिक तीर्थ स्थल लोधेश्वर महादेवा में 17 मई से शुरू होने वाले पुरुषोत्तम मास (मलमास) मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन सक्रिय हो गया है। मेला 15 जून तक चलेगा। सोमवार को एसडीएम आनंद तिवारी व सीओ गरिमा पंत ने मेला स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अफसरों ने बैरिकेटिंग, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, भीड़ नियंत्रण और आवागमन मार्ग की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। एसडीएम ने निर्देश दिए कि मेले से पूर्व सभी मूलभूत सुविधाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। ग्राम प्रधान लोधौरा अजय कुमार तिवारी को मेला क्षेत्र में साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए, जबकि तहसीलदार विपुल कुमार सिंह से प्रगति की जानकारी ली गई। इस दौरान थाना प्रभारी अरुण कुमार सिंह, महादेवा चौकी प्रभारी रजनीश कुमार पांडेय, क्षेत्र पंचायत सदस्य सतीश यादव सहित अन्य अधिकारी व पुलिस बल मौजूद रहा।

### जिससे होनी थी शादी उसी के साथ फरार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना सतरिख क्षेत्र के एक गांव में एक अजब मामला सामने आया है। जिस युवक से शादी के लिए बातचीत चल रही थी, युवती उसी के साथ फरार हो गई। बेटी की इस हरकत से परेशान परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई है। गांव के एक व्यक्ति के अनुसार एक मई की रात परिवार के सभी लोग खाना खाकर सो गए। सुबह उठने पर देखा कि घर की कुंडी बाहर से लगी थी और उनकी 19 वर्षीय बेटी घर में नहीं थी। परिजनों ने आसपास खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। जांच में पता चला कि युवती ग्राम सेवरी थाना इटौंजा लखनऊ निवासी सुमित पुत्र रामचंद्र के साथ चली गई है। पिता का कहना है कि सुमित के साथ उनकी बेटी के रिश्ते की बातचीत चल रही थी। बताया गया कि युवती अपने साथ सोने की झुमकी और चांदी की पायल भी ले गई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



बैठक में प्रस्तुति देते व्यंग्यकार लल्लू। अमृत विचार

### विश्व हास्य दिवस पर गूंजे ठहाके

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शान्तिपुरम सेवा समिति की नियमित बैठक वरिष्ठ उपाध्यक्ष योगेन्द्र वर्मा के विजयनगर स्थित आवास पर विश्व हास्य दिवस के अवसर पर हंसी-ठहाकों के बीच आयोजित की गई। अध्यक्षता सुरेश चन्द्र बैसवार जबकि संचालन व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव 'लल्लू' ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ नींबू लाल गुप्ता के मंगलाचरण से हुआ। समिति संयोजक डॉ. वीरेंद्र श्रीवास्तव ने कहा उदार सोच वाला व्यक्ति पूरे समाज को अपना परिवार मानता है। राम अभिलाष वर्मा ने तनावमुक्त जीवन में हास्य और योग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। वहीं अनिल श्रीवास्तव ने हास्य-व्यंग्य कविताओं से माहौल को ठहाकों से भर दिया। राधेश दीक्षित ने राधा-कृष्ण प्रेम पर छंद प्रस्तुत किए, जबकि रामचन्द्र वर्मा ने सत्संग और शत्रोहन लाल वर्मा ने हंसी-ठिठोली के महत्व पर विचार रखे। आयोजक योगेन्द्र वर्मा ने भजन प्रस्तुत किया, वहीं वीरेंद्र श्रीवास्तव के गीत पर तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी। के.के. शर्मा ने सेवानिवृत्ति के बाद की स्थितियों पर सारगर्भित आलेख पढ़ा।

### देश चाहता है स्थिर और विकासोन्मुख नेतृत्व


राकेश वर्मा कर्रा।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में हुए चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की उल्लेखनीय जीत पर भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश वर्मा कर्रा ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों और जनता के विश्वास की जीत है। राकेश वर्मा कर्रा ने कहा कि इन राज्यों की जनता ने विकास, सुशासन और राष्ट्रहित की राजनीति को समर्थन देकर स्पष्ट संदेश दिया है कि देश अब स्थिर और विकासोन्मुख नेतृत्व चाहता है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और निरंतर जनसंपर्क का परिणाम है कि पार्टी को व्यापक जनसमर्थन मिला है। यह जीत आने वाले समय में देश की राजनीति को नई दिशा देने वाली साबित होगी। उन्होंने विजयी प्रत्याशियों व कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

### संजीव अध्यक्ष व गुलाब चंद्र बने महामंत्री


चुने गये पदाधिकारी। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पशु चिकित्सा संघ की जनपद इकाई बाराबंकी का अधिवेशन व चुनाव सोमवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा. राकेश कुमार वर्मा, उप निदेशक पोल्ट्री, निबलेट बाराबंकी तथा डा. संतोष कुमार यादव, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी की देखरेख में संपन्न हुआ। चुनाव में मतों के आधार पर डा. संजीव चौधरी, पशु चिकित्साधिकारी त्रिलोकपुर को अध्यक्ष तथा डा. गुलाब चंद्र यादव, पशु चिकित्साधिकारी हेतमापुर को महामंत्री चुना गया। अन्य पदों पर उपाध्यक्ष पद के लिए डा. शमीम अहमद (सिद्धौर), कोषाध्यक्ष पद पर डा. नीरज वर्मा (पठकनपुरवा) तथा संयुक्त मंत्री पद पर डा. विभा (सफेदाबाद) का निर्विरोध चयन किया गया। नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। चुने हुए पदाधिकारियों को पशु चिकित्सा संघ के संरक्षक एवं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद कुमार ने बधाई दी है।

### उर्वरक वितरण को लेकर की सख्ती

**बाराबंकी, अमृत विचार :** संयुक्त कृषि निदेशक (उर्वरक), यूपी के निर्देशों के क्रम में जिला कृषि अधिकारी ने थोक उर्वरक विक्रेताओं की बैठक कर दिशा-निर्देश जारी किए गए। निर्देश दिया गया कि किसी भी अनुदानित उर्वरक संग गैर अनुदानित स्टॉक की आपूर्ति या बिक्री न की जाए। फुटकर विक्रेताओं को उर्वरक आपूर्ति निर्धारित दर के भीतर डीलर मार्जिन व परिवहन लागत सम्मिलित कर ही करने तथा किसी भी स्थिति में अधिक दर पर बिक्री न करने के निर्देश दिए गए। फुटकर विक्रेताओं को स्पष्ट किया गया कि उर्वरक की बिक्री निर्धारित दर पर बिना किसी टैगिंग के की जाए। फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य करते हुए बिक्री रजिस्टर में आधार संख्या के स्थान पर उसका पंजीयन अंकित करना जरूरी किया गया है। बताया गया कि उर्वरक बिक्री और वितरण की प्रतिदिन पोर्टल पर निगरानी की जा रही है तथा अधिक बिक्री या असामान्य लेन-देन की जांच भी कराई जा रही है।

### शातिर ड्रग माफिया अज्जन की पत्नी के नाम दर्ज एक और मकान कुर्क

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जेल में बंद शातिर ड्रग माफिया व हिस्ट्रीशीटर मिस्बाहुर्रहमान उर्फ अज्जन पर एक और चाबुक चला है। सीजिंग अथारिटी के आदेश पर तस्कर की पत्नी के नाम दर्ज लखनऊ स्थित एक और मकान कुर्क कर दिया गया। इसकी कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपये है। पुलिस के अनुसार थाना जैदपुर क्षेत्र के टिकरा मुर्तजा निवासी अज्जन लंबे समय से गिरोह बनाकर मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त रहा है। उसके खिलाफ बाराबंकी और लखनऊ में दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। अवैध तरीके से अर्जित धन से उसने अपनी पत्नी नगमी खातून के नाम लखनऊ के सरोजनी नगर स्थित औरंगाबाद खालसा में मकान व आवासीय भूखंड खरीदा था, जिसे अब कुर्क कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी पिछले करीब 25 वर्षों से ड्रग तस्करी के कारोबार में सक्रिय रहा है और युवाओं को नशे की लत में धकेलकर समाज में गंभीर खतरा पैदा कर रहा था। उसे पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है और वह वर्तमान में जिला कारागार में निरुद्ध है। अज्जन को अंतरजनपदीय गैंग सूची में भी शामिल किया गया है और उसके विरुद्ध पिट-एनडीपीएस एक्ट के तहत निरोधात्मक कार्रवाई भी की जा चुकी है। थाना जैदपुर में उसकी हिस्ट्रीशीट संख्या 56 बी दर्ज है। बाराबंकी शहर में पैसार स्थित छह करोड़ की संपत्ति कुर्क करने के बाद यह दूसरी कार्रवाई है।


जश्न मनाते राज्यमंत्री सतीश शर्मा। अमृत विचार

### बंगाल विजय पर निकाला विजय जुलूस

**फतेहपुर/रामसनेहीघाट/सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी :** बंगाल विस चुनाव में भाजपा की जीत के उपलक्ष्य में कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। रामसनेहीघाट के भिटरिया चौराहे पर राज्यमंत्री सतीश शर्मा के नेतृत्व में आतिशबाजी की हुई। मौके पर जगदीश गुप्ता, दिलीप मिश्रा, प्रदीप द्विवेदी, मधुकर तिवारी, ज्ञानेंद्र तिवारी, अवधेश मिश्रा, प्रदीप सिंह व चंद्रशेखर वर्मा समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। वहीं फतेहपुर नगर में पटेल चौक से विजय जुलूस निकाला गया। विधायक साकेन्द्र वर्मा ने कहा भय और आतंक में सहमी बंगाल की जनता ने वोट के माध्यम से भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंका है। इस दौरान विपिन राठौर, हेमंत दास, रंजीत लोधी, राजीव नयन तिवारी, टीनू जैन, प्रांशु जैन, अंशुमान मिश्र, विश्वनाथ गुप्ता मौजूद रहे। सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के सैदनपुर में भी मंडल महामंत्री अमित पांडेय एवं मनोज सोनी के नेतृत्व में विजय जुलूस निकला।

### 25 साल बाद कोटेदार साबित हुआ निर्दोष, अदालत ने किया बरी

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** सुबेहा थाना क्षेत्र के शरीफाबाद गांव के कोटेदार को 25 वर्ष पुराने मामले में आखिरकार न्याय मिल गया। तहसील स्थित न्यायालय ने उन्हे निर्दोष सिद्ध करते हुए बरी कर दिया। फैसला सुनकर भावुक कोटेदार ने कोर्ट का आभार जताया। बताते चलें कि वर्ष 2001 में कोटेदार उमेश चंद्र तिवारी पर खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ी और जालसाजी के आरोप लगाते हुए खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया था। आरोप था कि उन्होंने पात्र उपभोक्ताओं को खाद्यान्न का वितरण नहीं किया और अभिलेखों में हेरफेर की। मामला दर्ज होने के बाद से ही उमेश चन्द्र तिवारी न्यायालय में लगातार पैरवी करते रहे। वर्षों तक चली सुनवाई के दौरान कई बार गवाह पेश हुए और दस्तावेजों की जांच की गई, लेकिन आरोपों की पुष्टि के लिए पर्याप्त और ठोस साक्ष्य सामने नहीं आ सके। हैदरगढ़ स्थित कोर्ट नंबर 24 में चली अंतिम सुनवाई के दौरान अधिवक्ता अजय कुमार श्रीवास्तव ने बचाव पक्ष की ओर से प्रभावी पैरवी करते हुए यह साबित किया कि अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य कमजोर और अप्रमाणित हैं। जिरह के दौरान कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अभियोजन पक्ष अपने आरोपों को पुष्ट नहीं कर सका। अदालत ने सभी तथ्यों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद पाया कि आरोप साबित नहीं हो पाए हैं। इसके आधार पर न्यायालय ने उमेश चन्द्र तिवारी को दोषमुक्त करार देते हुए बरी कर दिया।

### बीडीओ ने गौशाला का किया निरीक्षण

**रामनगर, बाराबंकी :** बीडीओ जितेंद्र कुमार ने एडीओ पंचायत अभय शुक्ला के साथ लैन गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई, चारे और पेयजल व्यवस्था का जायजा लिया। बीडीओ ने हरे चारे, भूसे के स्टॉक, पशुओं के नाद और पानी की व्यवस्था की जांच की। केयरटेकरों को समय पर चारा-भूसा देने व बीमार पशुओं के त्वरित उपचार के निर्देश भी दिए। बीडीओ ने कहा कि गौशाला संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बारिश के बाद स्थिति की समीक्षा में परिसर में जलभराव नहीं पाया गया और व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं।

### संदिग्ध हालात में बुजुर्ग की मौत, हत्या का आरोप

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी :** लोनीकटरा थाना क्षेत्र के धोड़वापुर मजरे शुम्भा में एक बुजुर्ग की संदिग्ध हाल में मौत हो गई। मामले में मृतक के छोटे भाई ने जमीन विवाद को लेकर बड़े भाई पर हत्या का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान 55 वर्षीय रामकिशुन पुत्र राम पाल रावत के रूप में हुई। अविवाहित रामकिशुन गांव के बाहर स्थित पंचायत भवन में रहते थे। बताया जा रहा कि वह काफी समय से बीमार थे और एक निजी अस्पताल में उनका इलाज भी जारी था। आरोपी पक्ष का कहना है कि बीमारी से मौत हुई है। मृतक के छोटे भाई राम रतन ने आरोप लगाया कि उनके बड़े भाई राम सुंदर ने जमीन हड़पने के लिए रामकिशुन की हत्या की है। उनका कहना है कि बुढनापुर मजरे जलालपुर में स्थित कीमती जमीन को अपने नाम कराने के लिए आरोपी ने जबरन अंगूठा लगवाया और बाद में हत्या कर दी। परिजनों ने मृतक के अंगूठे पर स्याही के निशान मिलने की बात कही है, जिससे जबरन दस्तावेज पर अंगूठा लगवाने की आशंका जताई जा रही है।


प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित मेधावी। अमृत विचार

### शिक्षा ही जीवन में सफलता की कुंजी : गौरव

**मसौली, बाराबंकी :** विधानसभा जैदपुर के अंतर्गत सफदरगंज स्थित आर.बी.पी. इंटर कॉलेज में परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विधायक गौरव कुमार रावत ने छात्रों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन में आगे बढ़ने और सफलता प्राप्त करने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से मानसिक व सामाजिक जागरूकता बढ़ती है, आत्मविश्वास विकसित होता है तथा सही-गलत की पहचान होती है। शिक्षा ही ऐसा हथियार है जो समाज और संसार को बदल सकता है। विद्यालय पहुंचने पर विधायक गौरव कुमार रावत का स्वागत प्रबंधक व पूर्व प्रमुख संतोष कुमार वर्मा ने अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, विधायक प्रतिनिधि रिजवान संजय, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा की जीत पर मनाया जश्न


भाजपा जिला कार्यालय पर जश्न मनाते प्रभारी मंत्री सुरेश राही व अन्य। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार:** भाजपाइयों ने बंगाल व असम राज्यों में हुए विस चुनाव में पार्टी को मिली प्रचंड जीत का जश्न मनाया। भाजपा जिला कार्यालय पर कारागार राज्य मंत्री व प्रभारी मंत्री सुरेश राही की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी। भारत माता एवं वंदे मातरम् के जयघोष से कार्यालय परिसर गूंज उठा।

प्रभारी मंत्री ने कहा आजादी के बाद पहली बार बंगाल में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने प्रदेश में होने वाले 2027 विधानसभा चुनाव में इसी तरह की ऐतिहासिक जीत के लिए कार्यकर्ताओं से कमर कसने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राम सिंह वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, एमएलसी अंगद सिंह, विधायक दिनेश रावत, अमरीश रावत, डॉ विवेक वर्मा, राम बाबू द्विवेदी, विजय आनंद बाजपेई, पवन सिंह रिंकू, अंशु वर्मा, रामेश्वरी त्रिवेदी, नीता अवस्थी, अलका मिश्रा, अमित वर्मा, जंग बहादुर पटेल, मुलायम सिंह यादव, मनोज वर्मा, वैभव मिश्रा, पवनेंद्र सिंह, सतीश विश्वकर्मा, मधुकर तिवारी, बिंद्रा प्रसाद वर्मा, सूरज सिंह, सीपी गुप्ता, कुशाग्र श्रीवास्तव, सुनील मिश्रा, मनोज कुरील, अभिषेक गुप्ता, बबलू वर्मा, पूर्णेंदु चतुर्वेदी, राकेश पटेल, गोविंदा, प्रेम रस्तोगी और निरंकार दीक्षित सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दिए निर्देश

प्रभारी मंत्री ने जिला महिला व पुरुष चिकित्सालय, पेयजल परियोजना तथा जिला कारागार का लिया जायजा

# स्वास्थ्य सेवाओं व स्वच्छता में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : प्रभारी मंत्री

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


जिला महिला अस्पताल में मरीज से बात करते प्रभारी मंत्री। अमृत विचार


अस्पताल में रजिस्टर की जांच करते प्रभारी मंत्री। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जनपद के प्रभारी मंत्री एवं कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही सोमवार को दौरे पर बाराबंकी पहुंचे। सबसे पहले वह पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पहुंचे, जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया तथा जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। प्रभारी मंत्री ने निरीक्षण की शुरुआत जिला महिला चिकित्सालय से की। यहां उन्होंने ओपीडी, मॉडल इम्यूनाइजेशन सेंटर सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मरीजों से संवाद कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। भर्ती मरीज पूनम व संध्या से भोजन व नाश्ते की गुणवत्ता के बारे में भी पूछा।

उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। साथ ही अल्ट्रासाउंड कक्ष व रसोईघर का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता भी परखी। इसके बाद जिला पुरुष चिकित्सालय के औचक निरीक्षण में उन्होंने दवा काउंटर पर मरीजों से फीडबैक लिया और ओपीडी व्यवस्था की जानकारी की। आयुष्मान मित्र कक्ष का भी निरीक्षण किया।

ओपीडी के शौचालय में गंदगी मिलने पर मंत्री ने कड़ी नाराजगी जताते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को स्वच्छता सुधारने के निर्देश दिए। इसके बाद नगर पालिका परिषद नवाबगंज में कल्याण मंडप के पास पुनर्गठन पेयजल योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन पानी की टंकी का निरीक्षण किया और अधिशासी अभियंता, जल निगम को कार्य शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। अंत में जिला कारागार का निरीक्षण कर उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों को मिल रही सुविधाओं व स्वच्छता की स्थिति का जायजा लिया तथा व्यवस्थाएं और सुदृढ़ करने को कहा।

इस दौरान एमएलसी अंगद सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा राम सिंह भुल्लन वर्मा, जिला महिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रदीप कुमार व जिला पुरुष चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जे.पी. मौर्य सहित संबंधित अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।


लाभार्थियों को चेक वितरित करते प्रभारी मंत्री। अमृत विचार

### पात्रों को मिले योजनाओं का लाभ : प्रभारी मंत्री

**बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने समीक्षा बैठक में कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचे। चिकित्सकों की समय से उपस्थिति व बेहतर इलाज सुनिश्चित करने को कहा गया। सड़कों के निर्माण, मरम्मत व चौड़ीकरण कार्यों को समय पर पूरा करने तथा विद्युत विभाग को खराब ट्रांसफार्मर शीघ्र बदलने और शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। समाज कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण व दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की योजनाओं पेंशन, छात्रवृत्ति आदि का शत-प्रतिशत लाभ पात्रों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। बाल विकास विभाग को आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित संचालन सुनिश्चित करने तथा शिक्षा विभाग को निर्माणाधीन विद्यालयों के कार्य समय से पूरा करने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत विभिन्न विकास खंडों के लाभार्थियों को डमी चेक वितरित किए गए। इस मौके पर राजरानी रावत, अंगद सिंह, दिनेश रावत व राम सिंह वर्मा आदि मौजूद रहे।

# आंधी-बारिश से लोग बेहाल, बिजली गुल और सड़कें लबालब

## जिले में एक घंटे में 31 मिमी दर्ज की गई वर्षा, 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली आंधी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सोमवार सुबह मौसम ने अचानक करवट बदली और तेज़ आंधी के साथ हुई झमाझम बारिश गर्मी से राहत के साथ आफत भी लेकर आई। सुबह में ही मानो रात हो गई हो, अंधेरा छाने के साथ 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी ने दस्तक दी। तूफान ने जिले भर में कई जगह पेड़ उखाड़ तो कई जगह विद्युत पोल धराशाई हो गए। लगभग एक घंटे में 31 मिमी वर्षा दर्ज की गई। बरसात के बाद तापमान में भारी गिरावट आई। जिले का तापमान 28.5 तथा न्यूनतम 11.5 डिग्री सेल्शियस पहुंच गया।

तेज हवाओं और बारिश के कारण शहर की बिजली व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई, जिससे करीब चार घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही। इस दौरान लोगों को उमस और अंधेरे दोनों का सामना करना पड़ा। हालांकि बिजली विभाग की टीमें लगातार फील्ड में डटी रहीं और आपूर्ति बहाल करने के प्रयास करती रहीं, लेकिन तेज हवा के चलते कई जगहों पर पेड़ गिरने से लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं। इससे बिजली बहाली में देरी हुई और उपभोक्ताओं की दिक्कतें बढ़ती चली गईं। बिजली गुल होने का असर पानी की सप्लाई पर भी पड़ा, जिससे कई इलाकों में लोगों को पानी के लिए जूझना पड़ा। नगर की गलियां तालाब बन गई। मुख्य सड़कों पर जगह-जगह पानी भर गया। मेडिकल कालेज में पानी के बीच तीमारदारों व मरीजों को गुजरना पड़ा।



मेडिकल कालेज में भरे पानी से निकलते मरीज।



नघेटा रोड पर हुए जलभराव से गुजरते वाहन चालक। अमृत विचार

### तालाब जैसी नजर आईं नगर की सड़कें

बारिश ने नगर की व्यवस्थाओं की भी पोल खोलकर रख दी। शहर की प्रमुख नघेटा रोड, जहां हाल ही में चौड़ीकरण और नालों की सफाई पर लाखों रुपये खर्च किए गए थे, महज दो घंटे की बारिश में ही जलभराव की चपेट में आ गई। सड़क पर पानी इस कदर भर गया कि वह किसी तालाब जैसी नजर आने लगी। इससे आमजन के साथ स्कूली बच्चों को भारी परेशानी हुई।



तालाब बनी बाबू सिंह पत्रकार गली। अमृत विचार

### लाखों खर्च के बाद भी हालात जस के तस

मौसम की इस अचानक बदली तस्वीर ने जहां एक ओर राहत दी, वहीं दूसरी ओर शहर की तैयारियों और दावों की सच्चाई भी उजागर कर दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल जलभराव की समस्या को दूर करने के दावे किए जाते हैं, लेकिन हकीकत कुछ और ही बयां करती है। लोगों ने जिला प्रशासन से सवाल उठाते हुए पूछा है कि जब विकास कार्यों पर इतना खर्च किया गया, तो फिर बारिश के बाद भी हालात जस के तस क्यों हैं। वहीं प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पोल को ठीक कर बिजली आपूर्ति बहाल कराई जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### चोरों ने उड़ाई बाइक पर किया हाथ साफ

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के एक मैरिज हाल में वैवाहिक समारोह में शिरकत करने आए एक व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी है। शाहजहांपुर जनपद के नईबस्ती लोधीपुर निवासी उत्तम कुमार के अनुसार वह 28 अप्रैल की रात अल्लाहपुर तिराहा के निकट गरिमा मैरिज हाल में एक वैवाहिक समारोह में आया था। उसने अपनी बाइक मैरिज हाल के बाहर खड़ी कर दी थी। विवाह समारोह से बाहर आने पर बाइक गायब थी। काफी तलाशने के बाद भी पता नहीं चल सका।

### मारपीट के आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के मोहल्ला महुआ टोला में दबगों ने एक घर में घुसकर परिजनों को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। पीड़ित कमरजहां पत्नी मासूक अली के अनुसार 3 मई की शाम मोहल्ले के गुच्छन ने अपने पुत्र जीशान, फरहान, अरशद, पत्नी शाहीन और पुत्री जोया के साथ मिलकर उसके दरवाजे पर गाली गलौज करते हुए घर में घुसकर उसे व उसकी पुत्री नाजिया और बुसरा को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल करवाया है।

# आंधी के बीच ग्रामीणों की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा



बिलग्राम में तेज आंधी से झुका विद्युत पोल। अमृत विचार

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** सोमवार सुबह आई तेज आंधी ने क्षेत्र में अव्यवस्था फैला दी। रहुला गांव में बिलग्राम-जफरपुर मार्ग पर शमशाद डीलर के घर के सामने 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन का पोल अचानक झुक गया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पोल गिरने की कगार पर पहुंच गया था, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए झुके हुए पोल के नीचे लकड़ी लगाकर उसे सहारा दे दिया। उनकी सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया। फिलहाल पोल की स्थिति खराब होने के कारण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक विभाग द्वारा पोल को दुरुस्त नहीं किया जाता, तब तक बिजली बहाल होने में देरी हो सकती है। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में जेई सर्वेश कुमार ने बताया कि उन्हें पहले इस घटना की कोई जानकारी नहीं थी। अब लाइनमैन को मौके पर भेजकर स्थिति का जायजा लिया जा रहा है।

# तरबूज-खरबूजा, खीरा व मक्का की फसलें चौपट

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** सोमवार सुबह अचानक आई तेज आंधी और बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया। तेज हवाओं और बारिश के चलते कुछ ही देर में आसमान में घने बादल छा गए और दिन में ही अंधेरा जैसा माहौल बन गया, जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं किसानों के लिए यह मौसम आफत बनकर सामने आया।

बिलग्राम क्षेत्र के किसानों के अनुसार तरबूज, खरबूजा और खीरा जैसी बेल वाली फसलों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। तेज हवा के कारण बेलें जमीन पर बिछ गईं और कई जगह फलों को भारी क्षति पहुंची। खीरा की तैयार फसल भी बारिश के चलते सड़ने लगी है। मक्का की फसल तेज हवाओं के कारण झुक गई है, जिससे उत्पादन प्रभावित होने की आशंका जताई है।

किसान महेंद्र, हीरालाल, सुखदेव, पवन और छोटे ने बताया कि इस अचानक मौसम परिवर्तन ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि फसल नुकसान का जल्द सर्वे कराकर उन्हें उचित मुआवजा दिलाया जाए।

किसान यूनियन टिकैत के मंडल उपाध्यक्ष राज बहादुर सिंह ने बताया तेज हवा और पानी से आम की फसल में नुकसान तरबूज खरबूजा खीरा व मक्का में नुकसान हुआ है। किसान पृथ्वीराज ने कहा कि पानी से तरबूज खरबूजा में नुकसान हुआ है। किसान बृजेश ने बताया बारिश में हवा से तरबूज की फसल में कुछ नुकसान होगा। माधौगंज संवाददाता के अनुसार तेज हवाओं के हो रही बेमौसम की बरसात से खीरा किसानों को भारी नुक़सान हो गया। विकास खण्ड क्षेत्र के गांव पिपरावां, रुकनापुर, बापूनगर, रसूलापुर, सेलापुर, भिठाई आदि गांवों में बीज बनाने वाले खीरा की फसलें बोई जाती है। बरसात से खीरा की फसल में लगे फल सड़ने व ख़राब होने लगते पौधों में संक्रमित रोग लग जाते हैं, जिससे पौधे खराब हो जातें हैं। अन्य फसलों में नुक़सान कम हुआ है। पिपरावां निवासी किसान अरविन्द कुमार ने बताया कि लगभग दो बीघा खेत में खीरे की फसल बुआई थी पहली बारिश के बाद फसल में भीषण रोग लगा कई बार रासायनिक दवाओं का छिड़काव किया पुनः संक्रमित हो गई फसल। सेलापुर निवासी किसान नीरज कुमार ने बताया कि एक एकड़ खीरा बोया था जिसमें फल आ रहे थे बरसात होने से बेल खराब हो कर फल सड़ने लगें हैं।



राजबहादुर सिंह।



पृथ्वी राज।



ब्रजेश।



अरविन्द कुमार।



नीरज।



बारिश के बाद खीरे के खेत में भरा पानी।

# बारिश में खुली नपा के दावों की पोल

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** हल्की बारिश ने ही नगर पालिका की सफाई व्यवस्था की हकीकत उजागर कर दी। सोमवार को हुई बारिश के बाद नगर के कई इलाकों में नाले चोक होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

नगरवासियों का कहना है कि लंबे समय से नालों की नियमित सफाई नहीं कराई जा रही है। नालों में कूड़ा-करकट भरा होने के कारण पानी की निकासी बाधित हो गई है। जैसे ही बारिश हुई, पानी नालों से निकलकर सड़कों पर फैल गया और कई जगह जलभराव की स्थिति बन गई। इससे राहगीरों और दुकानदारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने बताया कि गंदा पानी सड़कों पर बहने से दुर्गंध फैल रही है और बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। कई जगहों पर लोग पानी से होकर गुजरने को मजबूर दिखे। नगरवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि नालों की नियमित सफाई कराई जाए और जल निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि बारिश के दौरान इस तरह की समस्या से राहत मिल सके।





नाला-नाली चोक होने से नगर में हुआ जलभराव। अमृत विचार

# ट्रेन की चपेट में आए शिक्षक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** दवा लेने के लिए सीतापुर जाने की बात कहकर घर से निकले शिक्षक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। शिक्षक ने आत्महत्या की या फिर वह हादसे का शिकार हुआ, इस बारे में फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी था, पुलिस मामले की जांच कर रही है। हादसा रविवार की दोपहर पिहानी कोतवाली की महमूदपुर भगत रेलवे क्रासिंग के पास होना बताया गया है।

पिहानी कोतवाली के महोलिया खेड़ा मजरा सरेंहजू निवासी रणधीर सिंह यादव (44) पुत्र सालिकराम यादव प्राथमिक विद्यालय झबरीपुरवा में शिक्षक थे। परिवार में पत्नी गीता के अलावा बेटा नागेंद्र और बेटी कीर्ति है। बेटे नागेंद्र ने बताया कि रविवार को पापा सीतापुर से दवाई लेने की बात कहकर निकले हुए थे। उसके कुछ देर बाद महमूदपुर भगत रेलवे क्रासिंग के पास किसी की ट्रेन से कटकर मौत का पता होते ही वहां काफी भीड़ लग गई। हादसे की खबर सुन कर शिक्षक रणधीर सिंह यादव के घर कोहराम बरपा हो गया। कुछ लोगों का कहना है कुछ दिनों से शिक्षक मानसिक तनाव में था। उसी की वजह से वह शराब भी पीने लगा था। पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।



रणधीर की फाइल फोटो।

## शनिवार को होगा लोक अदालत का आयोजन

**हरदोई, अमृत विचार।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रीता कौशिक की अनुमति से शनिवार को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण कराए जाने हेतु जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अपर जिला जज/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत भूपेंद्र प्रताप की अध्यक्षता में बैठक की गई। अधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिए गए तथा ट्रैफिक चालान से संबंधित वादों के निस्तारण हेतु दिशा निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई स्मिता गोस्वामी, प्रशासन के अधिकारी, विद्युत विभाग के अधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

# तीन राज्यों में मिली जीत पर भाजपा में जश्न

- पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनावों के नतीजों से भाजपाइयों में खुशी

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनाव के परिणामों में भाजपा के पक्ष में नतीजे आने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को झालमुडी और ढोल नंगाड़ों के साथ आतिशबाजी के साथ जश्न मनाया।

भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित विजय उत्सव के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनाव के परिणामों में भाजपा की निर्णायक विजय पर खुशी जताई। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह, प्रीतेश दीक्षित, आकाश सिंह, सौरभ सिंह गौर, अलका गुप्ता, जिला महामंत्री अनुराग मिश्रा, सत्येन्द्र राजपूत, जिला मंत्री सत्यम शुक्ला, जिला सह कोषाध्यक्ष गंगेश पाठक, कपिल जिला सह मीडिया प्रभारी परेश लोहिया, ऋषभ त्रिपाठी, आदेश शुक्ला मौजूद रहे। मल्लावां संवाददाता के अनुसार कस्बे में मुख्य चौराहे पर भाजपा कार्यकर्त्ताओं ने एकत्र होकर नारे बाजी कर बंगाल जीत को लेकर जश्न मनाया। इस दौरान भाजपा उपाध्यक्ष शिवराज सिंह बाबा, मंडल अध्यक्ष अजीत कश्यप, महामंत्री सभासद वीरेंद्र मिश्रा बाबा, भाजपा नेता गुड्डू फ़ौजी, सभासद महेंन्द्र श्रीवास्तव, अमित गुप्ता, विवेक गुप्ता, योगेश सोनी शिवम गुप्ता, विजय फ़ौजी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।



बंगाल चुनाव में जीत पर मल्लावां में खुशी मनाते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार



चुनावी जीत से उत्साहित झालमुडी खिलाते भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन।

## विवाहिता को पीटकर घर से निकाला, रिपोर्ट

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** काम न करने का आरोप लगाते हुए ससुराली जनों ने विवाहिता को पीट कर घर से निकाल दिया। विवाहिता ने आरोपी पति सहित चार ससुराली जनों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला इबनेजयी निवासी शिखा पत्नी आनंद के अनुसार 1 मई को सास लज्जावती और ससुर श्याम मोहन दीक्षित ने काम न करने का बहाना बनाकर उसे मारा पीटा। 2 मई को उसके पति आनंद दीक्षित ट्रक ड्राइवर ने सास ससुर के कहने पर उसकी पिटाई की और 7 साल का बच्चा छीनकर उसे घर से बाहर निकाल दिया। जेठ दीपक दीक्षित ने उसे और उसके भाई को जान से मारने की धमकी थी। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

कार्यक्रम

इनर व्हील क्लब ऑफ की पहल से बच्चों के चेहरे पर आई मुस्कान

# बच्चों को वितरित की पाठ्य पुस्तकें व खेल सामग्री

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** इनर व्हील क्लब ऑफ द्वारा प्राथमिक विद्यालय ककराली खेड़ा को गोद लेकर वर्ष भर विभिन्न शैक्षणिक व सामाजिक गतिविधियाa संचालित की गईं। क्लब ने विद्यालय में खेलकूद कार्यक्रम, सांस्कृतिक गतिविधियां तथा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया। बच्चों के साथ दीपावली, रक्षा- बंधन, क्रिसमस सहित अन्य त्योहार भी समय-समय पर मनाए गए। विद्यालय में बच्चों के लिए बेंच, पाठ्य सामग्री, खेल सामग्री, डस्टबिन दीवार घड़ी, पानी का मटकाऔर हैंडवॉश जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं, जिससे शैक्षणिक वातावरण में उल्लेखनीय सुधार हुआ। आज जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने विद्यालय को हैप्पी स्कूल के रूप में अनावरण किया गया। इस अवसर पर बच्चों को पुस्तकें एवं खाद्य सामग्री वितरित की गई तथा विद्यालय की लाइब्रेरी के लिए उपयोगी पुस्तकें भी भेंट की गईं। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष पारुल तिवारी, एडिटर नीलम सिंह, सीपीसीसी रागिनी तिवारी, रेनू शुक्ला, प्रधानाध्यापिका बीनू मित्रा, सहायक अध्यापिकाएं प्रतिभा व सुधा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।



बच्चों को पाठ्य पुस्तक देतीं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती। अमृत विचार

## आर्थिक तंगी में युवक ने कर ली आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** ई-रिक्शे के बढ़ते चलन से बुग्गी हांक कर गुज़ारा कर रहे युवक के सामने आर्थिक तंगी आ गई। इसी से परेशान होकर उसने विषाक्त खाकर जान दे दी। कोतवाली शहर के तत्यौरा निवासी लज्जाराम का 25 वर्षीय पुत्र पिंटू रविवार की सुबह मज़दूरी करने के लिए घर से निकला था। उसी बीच दोपहर में तत्यौरा पावर हाउस जा रहीं पूर्व प्रधान पूनम सिंह ने रास्ते में सड़क के किनारे पिंटू को पड़ा देखा। उन्होंने अपनी कार से उसे सीधे मेडिकल कालेज लेकर पहुंची। जहां उसकी मौत हो गई। पिता लज्जाराम ने बताया कि उसके पास जमीन नहीं है। पिंटू बुग्गी हांकता था, लेकिन ई-रिक्शे का चलन बढ़ने से बुग्गी ठप हो गई। परिवार में पत्नी गुंजा और एक बेटी के खर्च को लेकर पिंटू के आगे आर्थिक तंगी आ गई थी।

# बाढ़ से निपटने को पूरी रखें तैयारियां

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बाढ़ पूर्व तैयारी हेतु जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के तहत गठित बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक सोमवार को जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्टेट में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने ऑनलाइन जुड़े उप जिलाधिकारी बिलग्राम, सवायजपुर, शाहाबाद से कहा कि समय से बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना करें और नाव, नाविक, गोताखोरों को चिहिंत करें और उनके मोबाइल नम्बर सहित बुकलेट तैयार करायें तथा बाढ़ चौकियों को देख ले एवं बाढ़ पीड़ित लोगों व उनके पशुओं हेतु आश्रय स्थल चिहिंत कर लिये जाये। बैठक में जिलाधिकारी ने वन विभाग को निर्देश दिये कि कटान रोकने के लिए नदियों के किनारे-किनारे ऐसे वृक्ष लगवायें जो पानी के प्रवाह को रोक सके। उन्होने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिये कि बाढ़ प्रभावित गांवों में मेडिकल टीम की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होने अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि बाढ़ पूर्व होने वाली अपनी विभागीय समस्त तैयारियां पूर्ण करा लें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रियंका सिंह, न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी शारदा नहर, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

- डीएम ने कहा- नाव, नाविक, गोताखोरों को चिहिंत कर मोबाइल नम्बर सहित बुकलेट तैयार कराएं अधिकारी




बाढ़ से पूर्व होने वाली तैयारी बैठक करते डीएम अनुनय झा। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### रात्रि में घर में घुसकर की छेड़छाड़

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला में रात के लगभग तीन बजे एक युवक ने घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ की। युवती के चिल्लाने पर युवक छोड़ कर भाग गया। आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज कराया गया है। शाहाबाद थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला की रहने वाली 22 वर्षीय युवती के अनुसार वह 3 मई को घर में सो रही थी। रात लगभग तीन बजे आकाश पुत्र रामबाबू उसके घर में घुस आया और बुरी नीयत से उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। युवती जब चीखी चिल्लाई तो उसकी मां बचाने के लिए दौड़ी। आरोपी युवक ने उसकी मां को मारा पीटा जिससे उसकी मां को काफी चोटें आई हैं। आरोपी युवक के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया। घायल महिला का मेडिकल परीक्षण कराया गया।

### बाइकों की टक्कर में एक की मौत

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में जानकीखेड़ा के पास बाइक सवार की आमने सामने भिड़ंत से एक की मौत, एक गंभीर रूप से घायल। रविवार की रात प्रदीप पुत्र मिश्री लाल निवासी सुरजापुर पीपरगांव नेवादा अपने दोस्त विशाल के साथ बाइक से जीविका हॉस्पिटल में मां रामप्यारी का पथरी का ऑपरेशन के लिए भर्ती कराया था तो खाना देने जा रहा था। तभी जानकीखेड़ा के पास सामने से आ रही बाइक नें टक्कर मार दी। जिससे प्रदीप और विशाल गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे आनन फानन सी एच सी भरावन ले जाया गया वहाँ से ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रिफर किया गया। जहाँ इलाज के दौरान प्रदीप की मौत हो गई। विशाल का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है ।परिजनो नें बताया प्रदीप बैंगलोर में मजदूरी करता था, माँ के इलाज के लिए घर आया था।



# सांसद बोले, मेहनत मेरी और मुझे ही नहीं दी जा रही जानकारी

- नए खेतुई से पिहानी चुंगी तक प्रस्तावित फोरलेन सड़क परियोजना को मंजूरी की जानकारी न दिए जाने का लगाया आरोप

**पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की कार्यशैली से नाराज**

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** हरदोई से सांसद जयप्रकाश रावत ने एक बार फिर शहर के विकास कार्यों और आपसी समन्वय को लेकर अपनी नाराजगी खुलकर जाहिर की है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि नए खेतुई से पिहानी चुंगी तक प्रस्तावित फोरलेन सड़क परियोजना को मंजूरी दिलाने के लिए उन्होंने लगातार प्रयास किए। इस दौरान उन्होंने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों से लेकर शासन स्तर तक कई बार बातचीत की और इस परियोजना को जल्द स्वीकृति दिलाने की मांग रखी। सांसद ने बताया कि उन्हें आश्वासन दिया गया था कि योगी आदित्यनाथ के विदेश दौरे से लौटने के बाद इस सड़क को हरी झंडी मिल जाएगी। अब जबकि इस परियोजना को मंजूरी मिल चुकी है, उन्होंने इसे शहर के लिए बड़ी उपलब्धि बताया, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि उन्हें इस बारे में आधिकारिक रूप से जानकारी नहीं दी गई, जो निराशाजनक है। बिना किसी का नाम लिए उन्होंने संकेतों में कहा कि शहर के विकास कार्यों में सभी जनप्रतिनिधियों को साथ लेकर चलना चाहिए। कहा कि वे हरदोई के लिए 77 करोड़ रुपये के प्रस्ताव ला चुके हैं और आगे भी कई योजनाएं लंबित हैं। यदि अन्य जनप्रतिनिधि चाहें तो उनके साथ मिलकर काम कर सकते हैं, जिससे शहर का समग्र विकास संभव हो सके।



सांसद जयप्रकाश रावत।

सांसद ने शहर में सीवर लाइन और जल निकासी की समस्या को गंभीर बताते हुए कहा कि इन मुद्दों पर वे लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विकास कार्यों का श्रेय लेने की होड़ के बजाय जमीनी स्तर पर काम करना अधिक जरूरी है। उनके अनुसार, जनता यह जानना चाहती है कि वास्तविक काम क्या हुआ है, न कि केवल उसका प्रचार ।अपने पुराने कार्यकाल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 1991 से 2004 के बीच सांसद रहते हुए उन्होंने हरदोई में कई ऐसे कार्य कराए, जिनका लाभ आज भी दिखाई देता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि पिछले वर्षों में शहर में कोई बड़ा काम गिनाने में कुछ लोग असहज नजर आते हैं ।सांसद ने एक अन्य मुद्दा उठाते हुए कहा कि राज्य सरकार के स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी सरकारी निर्माण कार्य में स्थानीय सांसद और विधायक का नाम शिलापट्ट पर होना चाहिए। इसके बावजूद हाल ही में शहर के सिनेमा चौराहे पर स्थापित भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा के शिलापट्ट में उनका नाम नहीं था। इस संबंध में उन्होंने जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से जानकारी मांगी, लेकिन कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिल सका। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि शासन के निर्देशों की अनदेखी करना उचित नहीं है और इस तरह की कार्यशैली से बचना चाहिए। अंत में सांसद ने दोहराया कि वे हरदोई के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और सभी को मिलकर काम करने की आवश्यकता है, ताकि शहर को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

## बाइक सवार दंपति के साथ दिनदहाड़े छिनैती, पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** सोमवार को अतरौली थाना क्षेत्र में अतरौली चौराहे के पास अतरौली कोथावा रोड पर पेट्रोल टंकी के पास चोर दिनदहाड़े महिला के गले से हार खींच कर भागा। राधा ग्राम थाना ठाकुरगंज जनपद लखनऊ निवासी मोनी अपने पति ललित, पुत्री अनिका व ननद प्रज्ञा के साथ चाचिया ससुर की बेटी की शादी में गोड़वा पट्टी थाना अतरौली को रविवार को आई थी। सोमवार की सुबह चचिया ससुर के यहां से लखनऊ जाते समय अतरौली-कोथावा मार्ग पर जगदेव सिंह दद्दू फिलिंग स्टेशन पर पेट्रोल भराने के लिए ललित ने पत्नी, बेटी व बहन को सड़क किनारे उतार दिया। तभी अज्ञात व्यक्ति ने सड़क किनारे खड़ी मोनी के गले से करीब 5 ग्राम का हार खींच कर चौपहिया वाहन में बैठकर भाग गया। पीड़ित मोनी नें अतरौली थाने पर तहरीर दी है। थाना प्रभारी सतीश चंद्र ने बताया घटना संदिग्ध है, तहरीर ले ली गई है जांच कर कार्यवाही होंगी। बता दें कि अतरौली थाना के सामने ही कुछ दिन पूर्व लाला राम स्वरूप ज्वेलर्स की दुकान से ठगी कर 43 हजार दंपत्ति लेकर फरार हो गए।

# सांसद को हरदोई स्टेशन पर मिलीं खामियां

## ट्रेनों के ठहराव को लेकर जताई नाराजगी, कहा महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव को करें प्रयास

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन पर सोमवार दोपहर उस समय हलचल तेज हो गई जब सांसद जयप्रकाश रावत अचानक निरीक्षण के लिए पहुंच गए। उनके साथ पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। करीब एक साल बाद स्टेशन का जायजा लेने पहुंचे सांसद को यहां कई व्यवस्थागत कमियां और अधूरे कार्य देखने को मिले, जिससे उनका रुख सख्त हो गया। निरीक्षण के दौरान सांसद ने मंडल से आए रेल अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई।

खासतौर पर ट्रेनों के ठहराव को लेकर जब उन्होंने सवाल किया तो अधिकारियों के जवाब से वह संतुष्ट नहीं दिखे। नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा कि लगातार मांग के बावजूद हरदोई में प्रमुख ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित नहीं किया जा रहा, जबकि आसपास के जिलों शाहजहांपुर और सीतापुर में यह सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता को जवाब देना उनकी जिम्मेदारी है और इस तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सांसद ने अधिकारियों से दो टूक कहा कि केवल औपचारिक जवाब देकर जिम्मेदारी से बचा नहीं जा सकता। उन्होंने निर्देश दिया कि ट्रेनों के ठहराव को लेकर जल्द पुनः समीक्षा की जाए और वंदे भारत एक्सप्रेस सहित अन्य महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव पर गंभीरता से विचार किया जाए। अधिकारियों ने उनके सख्त रुख को देखते हुए मामले की दोबारा समीक्षा का आश्वासन दिया ।निरीक्षण के दौरान स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए गए। सांसद ने पुराने और जर्जर टीन शेड के इस्तेमाल पर आपत्ति जताई और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता को लेकर जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की सैंपलिंग सीलबंद तरीके से कराई जाए ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके। साथ ही घटिया निर्माण करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई न होने पर भी उन्होंने नाराजगी जाहिर की।



रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते भाजपा सांसद जय प्रकाश। अमृत विचार

### लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त

इसके अलावा स्टेशन पर कई बुनियादी सुविधाओं की कमी भी सामने आई। प्लेटफॉर्म पर ऊंचे-नीचे पत्थर, यात्रियों के बैठने के लिए पर्याप्त बेंच की कमी और पीआरएस काउंटर पर एयर कंडीशनिंग न होने जैसी समस्याओं पर सांसद ने अधिकारियों को तुरंत सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधा सर्वोपरि है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान सवायजपुर विधानसभा क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि रजनीश त्रिपाठी भी मौजूद रहे, जिन्होंने निर्माण कार्य और ट्रेनों के ठहराव से जुड़े मुद्दों पर अधिकारियों से तीखे सवाल किए। हालांकि कई सवालों का संतोषजनक जवाब अधिकारी नहीं दे सके, जिससे जनप्रतिनिधियों में असंतोष स्पष्ट दिखाई दिया। सांसद ने यह भी कहा कि एक वर्ष पहले हुई बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन अब तक नहीं हुआ है, जो गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने चेतावनी दी कि तीन महीने बाद फिर से बैठक कर सभी बिंदुओं की समीक्षा की जाएगी और प्रगति का आकलन किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान रेल अधिकारियों ने कुछ सकारात्मक पहलुओं की जानकारी भी दी ।हरदोई-सीतापुर-नैमिषारण्य-बालामऊ के बीच एक सर्कुलेशन ट्रेन चलाने का प्रस्ताव तैयार कर रेलवे बोर्ड को भेजे जाने की बात कही गई। इसके अलावा लंबे समय से बंद पड़ी पार्सल सेवा को जल्द बहाल करने का आश्वासन भी दिया गया।

## 72 घंटों से 60 गांवों की बत्ती गुल, लोगों में भारी नाराजगी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बिजली महकमें के ज़िम्मेदार वाकई बड़े लापरवाह हो चुके है,तीन दिन पहले लाइनमैन की मौत के ज़िम्मेदार जेई को निलंबित करते हुए एसएसओ की बिल्कुल से छुट्टी कर दी गई,ज़िम्मेदारों को ज़िम्मेदारी का एहसास कराने के लिए ऐसा फैसला लिया गया,लेकिन नतीजा 'ढाक के तीन पात' ही रहा। 72 घंटों से 60 गांवों की बिजली गुल है, उपभोक्ता बिलबिला रहे हैं। कोई सुनने वाला नहीं। एसडीओ भी फोन नहीं उठा रहें है, ऐसे में फैसला लिया गया है कि अगर सुनवाई नहीं हुई तो ज़िम्मेदारों को उनकी ज़िम्मेदारी याद दिलाने के लिए ज़िला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

बताते चलें कि तीन दिन पहले तत्यौरा पावर हाउस का लाइनमैन( संविदा ) रिज़वान की करंप की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई थी,उसके लिए ज़िम्मेदार ठहराए गए जेई को निलंबित करते हुए एसएसओ की बिल्कुल से छुट्टी ( सेवा समाप्ति ) कर दी गई। इस पूरे मामले में कहीं न कहीं पर एसडीओ रजत गुप्ता की लापरवाही मानी जा रही है। लेकिन इतना सब होने के बाद उन्ही ज़िम्मेदारों पर अभी भी लापरवाही हावी है। बात की जा रही है तत्यौरा पावर हाउस की,वहां से जुड़े काशीपुर, खुमारीपुर,मछरेहटा सकतपुर,बरखेरा, हुसैनपुर सहोरा धनेउली,बजेहरा,सधई बेहटा,बेहटी और चिंतालपुर समेत करीब 60 ऐसे गांव है,जहां 72 घंटे से बिजली गुल है,ऐसे में बिलबिला लहे उपभोक्ताओं का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। उनका कहना है कि एसडीओ रजत गुप्ता को बराबर फोन किया जा रहा है,लेकिन उनका फोन नहीं उठ रहा है। परेशान हाल उपभोक्ताओं ने तय किया है कि अगर एसडीओ ने उनकी सुनवाई नहीं की तो ज़िला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा,जिसके महकमें के आला अफसर सीधे ज़िम्मेदार होंगे।

# तीमारदार का मोबाइल व नकदी चोरी

**हरदोई, अमृत विचार।** मेडिकल कालेज में चोरियों का दायरा लगातार बढ़ता ही जा रहा है,लेकिन वहां का प्रशासन 'अपने मुंह मियां मिट्ठू' बनने वाली कहावत बराबर दोहरा रहा है। रविवार की रात वहां भर्ती मरीज का तीमारदार सो रहा था,उसी दौरान एक चालाक चोर उसके पास पहुंचा और चुपके से उसका मोबाइल फोन व कैश पार कर ले गया। चोर की हरकत वहां लगे सीसीटीवी कैमरे ने पकड़ ली,अब पुलिस उसे ढूंढते घूम रही है।

साण्डी थाने के ढोंढपुर निवासी मनोज कुमार ने बताया कि उसका भाई अंकित मेडिकल कालेज में भर्ती है और वह खुद वहां रुक कर उसकी तीमारदारी में लगा था। रविवार की देर रात करीब एक बजे कोई बाहरी शख्स उसके वार्ड में पहुंचा और बेड पर तकिए के नीचे रखा उसका मोबाइल व कैश चोरी कर फरार हो गया। अगली सुबह वह नींद से जागा तो वहां रखा मोबाइल और कैश गायब होने पर वह इधर-उधर पूछताछ करने लगा,लेकिन जब वहां लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले गए तो उसमें दिखाई दिया कि मुंह पर माक्स लगाए एक शख्स उसके तकिए के नीचे से कुछ उठा रहा है। उसकी सूचना पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और कैमरे में नज़र आ रहे उस शख्स को ढूंढती घूम रही है।



सोते समय तीमारदार का मोबाइल व पर्स से पैसे चोरी करता युवक।

- मेडिकल कॉलेज में हुई घटना वहां सीसीटीवी में हुई कैद

## जहरीला कीड़ा काटने से किशोरी की गई जान

**उन्नाव, अमृत विचार।** पुरवा कोतवाली क्षेत्र के मझखोरिया गांव निवासी रीता (17) पुत्री बाबूलाल इंटर की छात्रा थी। रविवार रात वह घर में बनी कोठरी से मवेशियों के लिए भूसा निकाल रही थी। तभी उसकी हाथ की अंगुली में किसी कीड़े ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन पहले झाड़फूंक में पड़े रहे। इससे उसकी हालत अधिक बिगड़ती गई। देररात जब उसे जिला अस्पताल लाया गया तो डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह 4 भाई बहनों में छोटी थी। उसकी मौत से मां अनिता सहित भाई राहुल, निशाकांत, रमाकांत व बहन सीता बेहाल रहीं।

## बाइक की टक्कर से दवाई ले कर लौट रहे साइकिल सवार की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** लखनऊ से दिल्ली जाने वाली जीटी रोड पर तेज़ रफ्तार बाइक ने दवाई ले कर लौट रहे साइकिल सवार को ज़ोरदार टक्कर मारी,जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई,जबकि टक्कर मारते ही बेकाबू हुई बाइक खाईं में जा गिरी, जिससे उस पर सवार दो युवक ज़ख्मी हो गए, जिन्हे एम्बुलेंस-108 से नज़दीक की सीएचसी पसिगवां पहुंचाया।

पिहानी कोतवाली के सैदापुर निवासी 70 वर्षीय नरवीर सोमवार को दवाई लेने सरैंया गांव गया हुआ था,वहीं से दोपहर में साइकिल से घर लौट रहा था,रास्तें में पिहानी कोतवाली के डेल पण्डरवा के पास जीटी रोड (एनएच-30) पर पहुंचये ही सामने से आ रही स्पलेंडर बाइक ने उसे टक्कर मारी और खाईं में जा गिरी, हादसे का शिकार हुए साइकिल सवार नरवीर की वहीं पर मौत हो गई। वहीं बाइक सवार दोनों युवक बुरी तरह ज़ख्मी हो गए। वहां पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए नरवीर के शव को कब्ज़े में लेते हुए ज़ख्मी हालत में पड़े दोनों युवकों को एम्बुलेंस-108 से नज़दीक की सीएचसी पसिगवां पहुंचाया,उन दोनों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

### घर के बाहर से चचेरे लापता भाई

**औरास, अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के मवई गांव निवासी शिवम (11) पुत्र खुशीराम अपने चचेरे भाई हिमांशु (12) पुत्र रजनीश के साथ सोमवार को घर के बाहर खेत में खेल रहा था। काफी समय बीतने पर भी वे वापस नहीं लौटे तो परिजन उन्हें बुलाने पहुंचे। लेकिन दोनों वहां नहीं मिले। इस पर आसपास उनकी तलाश की गई लेकिन पता नहीं चला।

**आवश्यकता है**

**नूर जहां डिग्री कॉलेज**

**गोपामऊ, हरदोई**

में प्रवक्ताओं की विषय-भौतिक विज्ञान, गणित,रसायन विज्ञान, जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान,

**योग्यता**-नेट क्वालीफाई, पीएचडी, वेतनमान योग्यता अनुसार

संपर्क सूत्र-

9918827024 ,8299318105



नियुक्ति पत्र प्राप्त करते भैयालाल। अमृत विचार

### भैयालाल ने लेखा परीक्षक बन बढ़ाया मान

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार।** क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने अपनी प्रतिभा दिखाकर परिवार को गौरान्वित किया है। फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के गांव सरांय के मजरा फतेहपुर चौरासी ग्रामीण निवासी देवी प्रसाद का पुत्र भैया लाल उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा लेखा परीक्षा एवं सहायक लेखाकार परीक्षा 2023 में 154वीं रैंक लाकर लेखा परीक्षक पद पर चयनित हुआ है। बेटे की इस उपलब्धि पर उसके घर में उत्सव का माहौल है। आसपास के लोगों व रिश्तेदारों के बधाई संदेशों से परिवार खुश है। पिता एक साधारण मजदूर एवं मां एक ग्रहिणी हैं।

# खड़े लोडर में मिनी ट्रक ने मारी टक्कर युवक की मौत, 12 लोग गंभीर घायल

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग पर हुए हादसे में लोडर सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं एक दर्जन लोगों को चोटें आई हैं। घायलों को अस्पताल पहुंचाकर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

बता दें कि हरदोई जिला के मल्लावां थानाक्षेत्र के लच्छीपुर गांव निवासी लाला की बेटी का तिलक लेकर गांव के लोग व रिश्तेदार सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के ओसियां गांव गए थे। तिलक की रस्म पूरी कर एक लोडर से करीब 20 लोग लौट रहे थे। उन्नाव-हरदोई मार्ग पर बांगरमऊ कोतवाली के दुल्लापुर के बाहर एक होटल के पास चालक ने लोडर रोक दिया। इस पर पीछे बैठे लोग नीचे उतरकर खड़े थे। तभी पीछे से तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने खड़े लोडर में टक्कर मार दी। इससे वहां खड़े लोडर सवार 13 लोग गंभीर घायल हो गए। एंबुलेंस से सबको सीएचसी लाया गया। जहां जांच के बाद डॉ. आफताब आलम ने विजय कुमार (25) पुत्र रमजू निवासी लच्छीपुर को मृत घोषित कर दिया। वहीं एक दर्जन घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। कोतवाली प्रभारी अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि खड़े लोडर में पीछे से मिनी ट्रक घुसने से हादसा हुआ है। मिनी ट्रक को पकड़ लिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ये लोग हुए घायल

**बांगरमऊ।** मिनी ट्रक की टक्कर में गया प्रसाद पुत्र कुबेर, रामकुमार पुत्र रामलाल, अनुराग पुत्र केशरी लाल, आशीष पुत्र मुन्नीलाल, राजू पुत्र राधेलाल, अमित पुत्र राधेलाल, शैलेश पुत्र पुच्छ लाल, दीपक पुत्र रामआसरे, शैलेंद्र पुत्र सरजू प्रसाद, देशराज पुत्र राम स्वरूप, आकाश पुत्र रामदास घायल हो गए। जिनका अस्पताल में इलाज जारी है।

### आंधी-बारिश से दुकानों में घुसा पानी

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार।** सोमवार सुबह आए तूफान व मूसलाधार बारिश ने नगर पंचायत की सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी। जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से सदर बाजार में नालियों का गंदा पानी दुकानों में घुस गया। इससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। बुक डिपो संचालक अजीत पाल की दुकान में रखीं किताबें व कॉपियां भीगकर खराब हो गईं। वहीं कपड़ा व्यापारी मजीद के यहां सिले हुए नए कपड़े गंदे पानी में भीग गए। आक्रोशित व्यापारियों का कहना है कि सफाई के अभाव में दुकानों में पानी भरा है। उधर, जबरदस्त आंधी से विद्युत व्यवस्था भी पूरी तरह चरमरा गई।

**अमृत विचार**

**क्लासीफाइड**

**विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें**

**आयोजन** | **प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे लखनऊ विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ**

# महिलाओं को सिखाए आत्मनिर्भरता के गुर

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव परशुरामपुर स्थित सचिवालय में महिला सशक्तीकरण व सुशासन को लेकर एक दिवसीय संयुक्त प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। इसमें पंचायत सदस्यों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व पंचायत कर्मियों ने हिस्सा लिया। जहां उन्हें आत्मनिर्भर बनने व ग्रामीण विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

ग्राम प्रधान रामू कनौजिया की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग से आए प्रशिक्षक दीपेश राय ने महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन पर कहा कि महिला समूह गठित कर सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लिया जा सकता है। उन्होंने कौशल विकास को आत्मनिर्भरता की कुंजी बताया। प्रशिक्षक हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि एक स्वस्थ समाज की स्थापना के लिए स्वच्छता व स्वच्छ पेयजल अनिवार्य है।

शिविर में स्थानीय विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण मांगें भी उठीं। गांव में नए आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना, महिला शौचालयों का जीर्णोद्धार व आंबेडकर पार्क में बच्चों के लिए खेलकूद के उपकरण लगाए जाएं। ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए वाटर कूलर लगवाने व मुख्य संपर्क मार्ग पर इंटरलॉकिंग का कार्य कराने की मांग उठाई गई। कार्यक्रम में पंचायत सचिव रणकेंद्र सिंह, कमलेश, रामलली, वंदना, रानी यादव, नन्हेलाल, अख्तर नवाब, प्रदीपिका, रामरानी, शोभित दिवाकर व रघुवीर पाल सहित ग्रामीण व पंचायत सदस्य मौजूद रहे।




शिविर के दौरान मौजूद ग्रामीण व कर्मचारी। अमृत विचार

# सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धा और युवक की हुई मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** मौरावां व दही थानाक्षेत्र में हुए सड़क हादसों में वृद्धा व युवक की मौत हो गई। इसकी खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची संबंधित क्षेत्रों की पुलिस ने शव पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपे हैं। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहनों की तलाश में जुटी है।

मौरावां थानाक्षेत्र के मुरैता गांव निवासी फूलदुलारी (65) पत्नी स्व. कल्लू गांव के बाहर उन्नाव-मौरावां मार्ग किनारे मकान बनाकर रहती थी। रविवार रात वह मकान के दरवाजे पर चारपाई डालकर सो रही थी। बेटा व अन्य परिजन अंदर कमरे में सोए थे। देररात 1 बजे वह लघुशंका के लिए सड़क पार कर रही थी। तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। गश्त पर निकले पुलिस कर्मियों ने क्षत-विक्षत शव पड़ा देख आसपास के लोगों को जगाया तब उसकी पहचान हुई। फूलदुलारी के 6 बच्चों में 4 बेटों व इकलौती बेटी की अलग-अलग कारणों से मौत हो चुकी है। एसओ कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि बेटे की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया है। टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र अनुज कुमार गर्ग के गलत चाल-चलन से तंग होकर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के वह स्वंय जिम्मेदार होंगे न कि मै व मेरा परिवार जिम्मेदार होगा। **राजेश गर्ग पुत्र श्री राम स्वरूप गर्ग निवासी-275 स्वरूप निवास बडगांव थाना-कोतवाली नगर जनपद-गोण्डा।**

**सूचना**

मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2009 रोल नंबर 1473 523 व इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2011 रोल नंबर 0884150 के प्रमाण पत्र व सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गए हैं । **शिवप्रकाश पुत्र उमाशंकर तिवारी बेला रोड तिलक नगर बिधूना जनपद औरैया।**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र दीपक के अनुचित आचरण के कारण उससे समस्त संबंध विच्छेद कर लिया है तथा उसे अपनी चल एवं अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसका मुझसे अथवा मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई संबंध नहीं है। भविष्य में वह कोई भी कार्य करता है, उसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं उसकी होगी। **बालक राम पुत्र धनीराम निवासी- ग्राम गपकापुर, मौजा लखनापुर, थाना दिबियापुर, जनपद औरैया**

**सूचना**

भवन संख्या 280/366, ब्लाक बी, ई.डब्लू-एस, स्कीम कानपुर नगर के स्वामी रघुराज द्वारा हिंदुजा हाउसिंग फा. लि. में बंधक हेतु प्रस्तुत किया है। जिसका मूल आवंन्टन पत्र व नामान्तरण पत्र दिनांकित 11/08/2021 व 10/02/2022 घर मे कहीं खो गये है उक्त सम्पत्ती पर यदि किसी का कोई सत्व/दावा हो तो 7 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी से सर्मपण करें अन्यथा उक्त सम्पत्ती को बंधक स्वीकार कर लिया जाएगा। **शिवेन्द्र अवस्थी (एडवोकेट) चेम्बर नं0 24 बाबूलाल अधिवक्ता भवन सिविल कोर्ट कानपुर मो0- 9335063025**

**NOTICE**

I, Sabrunnisha Begam, is legally wedded spouse of Kaleemullah Khan, residing at 1/9/29, Saadatganj, Faizabad, Ayodhya, have changed my name from Sabrunnisha Begam to Sabrunnisha vide affidavit dated 05-02-2026. Both names Sabrunnisha Begam and Sabrunnisha pertain to one person and same person.

**सूचना**

मेरी एल आई सी पॉलिसी 236 702 679 में मेरा घरेलू नाम अंजू गुप्ता पुत्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता लिखा है। अब आधार व अन्य अभिलेखों के अनुसार मेरा नाम बबली पत्नी शिव प्यारे निवासी गुरबक्श गंज ओनई पहाड़पुर रायबरेली हो गया है। दोनों नाम मेरे ही हैं।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित करना है कि मेरे आधार कार्ड (231313239526) एवं पैन कार्ड ( BWLPA1711L) में मेरा नाम Zayed Ahmad S/O Niyaz Ahmad है जबकि मेरे मूल दस्तावेज में बही संख्या 1 जिल्द संख्या 7831 के पृष्ठ 175 से 190 तक क्रमांक 2830 पर दिनाँक 21/04/2023 को रजिस्ट्रीकृत किया गया। में Zaid Ahmad S/O Niyaj Ahmad दर्ज है, यह दोनों नाम मेरे एक ही व्यक्ति के हैं। ZAYED AHMAD S/O NIYAZ AHMED, निवासी-पुरैनिया तालाब, बलरामपुर। उत्तर प्रदेश Pin-271201

**सूचना**

मैने अपना नाम NU ULLAH से बदलकर NOOR ULLA रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SAMI AKHTAR ADD-411/82 HATA BHEEKHAM KHAN, SAHADAT NAGAR CHOWK DIST-LUCKNOW-226003(U.P.)

## न्यूज ब्रीफ

### अभियान: डिजिटल क्रॉप सर्वे से तैयार होगा फसलों का सटीक डेटा

**लहरपुर/सीतापुर :** विकासखंड के ग्राम भगौतीपुर में कृषि विभाग द्वारा डिजिटल क्रॉप सर्वे अभियान चलाया गया। खंड तकनीकी प्रबंधक आशीष मिश्रा के नेतृत्व में टीम ने विभिन्न खेतों का निरीक्षण कर किसानों की फसलों का सर्वे किया। प्रबंधक आशीष मिश्रा ने बताया कि इस सर्वे का मुख्य उद्देश्य मोबाइल ऐप के जरिए फसलों की फोटो खींचकर जियो टैगिंग के साथ एग्री स्टैक पोर्टल पर अपलोड करना है। इससे फसल उत्पादन का सटीक अनुमान लगाने और आपदा के समय किसानों को पारदर्शी व त्वरित मुआवजा दिलाने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि यह सर्वे खरीफ, रबी और जायद तीनों सीजनों में अनिवार्य रूप से किया जाता है।

### मंदिर से ले गया गणपति की मूर्ति, गिरफ्तार

**हरगांव, सीतापुर :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेलूमऊ स्थित शीतला माता मंदिर से एक युवक भगवान गणेश की मूर्ति उठा ले गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर मूर्ति बरामद कर ली है। बिशनपुर गांव निवासी गोपाल नशे में धुत होकर शीतला माता मंदिर पहुंचा और वहां स्थापित गणेश जी की मूर्ति उठा ली। आरोपी युवक मूर्ति लेकर गांव की गलियों में घूमने लगा। इस दृश्य को देख ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसके कब्जे से मूर्ति बरामद की। इसके बाद पुलिस ने बरामद मूर्ति को पूरे सम्मान के साथ पुन: मंदिर परिसर में स्थापित कराया। पुलिस आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई कर रही है।

# प्लाईवुड फैक्ट्री पर सरकार की मुहर

## 30 दिन के भीतर खतौनी और खसरे में रिकार्ड दर्ज कराने का निर्देश


फैक्ट्री का ले आउट बना, गुपचुप हो गई बैं...
सीतापुर प्लाईवुड फैक्ट्री पर केके गैंग की नजर, रातों-रात बनवा डाला ले आउट
EXCLUSIVE
डीएम ने आपत्तियों...
आठ गाटों में है कर...

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।


सीतापुर स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री। अमृत विचार

**कोर्ट का आदेश**

- अधिग्रहण को लेकर तहसील प्रशासन को 45 दिवस के भीतर किया गया आदेशित

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** जिला मजिस्ट्रेट की अदालत ने एक अहम फैसला सुनाते हुए सीतापुर प्लाईवुड फैक्ट्री को राज्य सरकार में निहित करने का आदेश जारी किया। तहसील प्रशासन को फैक्ट्री को अधिगृहित करने के लिए समय सीमा भी निर्धारित की गई है।

बता दें कि एशिया की जानी-मानी सीतापुर प्लाईवुड फैक्ट्री कागजी दांव-पेचों में तीन दशक से अधिक समय से फंसी हुई थी। ऐसे में बेशकीमती कई सौ करोड़ की प्रापर्टी पर सिंडीकेट की नजर थी। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने कार्यभार संभालते ही फैक्ट्री के उत्थान और कर्मचारियों को राहत देने के उद्देश्य से कुल प्रकरण में जांच कराई और हेनरी थॉमसन व फर्म के भागीदारी को स्वामित्व व अन्य साक्ष्यों की प्रस्तुतीकरण के उद्देश्य से नोटिस जारी किया। ऐसे में सीमा जफरुल्ला, आबिद जाफर, आदिल जाफर, खाजिस्ता हैदर आदि ने आपत्ति दर्ज करते हुए न्यायालय जिलाधिकारी सीतापुर की अदालत में आपत्ति दर्ज कीं।

कई चक्रों में हुई सुनवाई की बाद जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने अदालत में फैसला लेते हुए सीतापुर तहसील प्रशासन को 45 दिवस के भीतर सीतापुर प्लाईवुड फैक्ट्री को भौतिक रूप से अधिगृहित करने का आदेशित किया। तहसील प्रशासन को ये भी आदेश दिए गए हैं कि तीस दिवस के भीतर खसरा-खतौनी में आदेशों को दर्ज किया जाए।

**आदेश सुनते ही केके सिंडीकेट हुआ भूमिगत:** पिछले तीन दिनों से केके सिंडीकेट सीतापुर कलेक्ट्रेट परिसर में सक्रिय था। बताते हैं कि केके ने जुगाड़ के हर हथकण्डे इस्तेमाल किये। लेकिन एक न चली।

जिलाधिकारी की कोर्ट से जैसे ही आदेशों की जानकारी हुई सिंडीकेट का मुखिया अपनी कीमती वाहन के साथ रफूचक्कर हो गया। जमीन की खरीद-फरोख्त को लेकर 200 करोड़ की चर्चा है।

**आठ गाटों में है करोड़ों की संपत्ति:** लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बसी सीतापुर प्लाईवुड फैक्ट्री की भूमि आठ गाटों में है। भूमि का रकबा 5.697 हेक्टेयर यानि लगभग 22 बीघा भूमि है। इसमें गाटा संख्या 79 मि., 81 मि., 82 मि., 84 मि., 93 मि., 94 मि., 95 मि. और 98 मि. है।

### कुछ इस तरह से आया डीएम कोर्ट में फैसला

जिलाधिकारी राजागणपति आर. के न्यायालय द्वारा कार्यवाही उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 की धारा 54 और भारतीय संविधान के अनुच्छेद 296 के प्रावधानों के तहत की गई है। जांच में पाया गया कि वर्ष 1987 में मुख्य साझेदार हेनरी थॉम्पसन भारत छोड़कर चले गए और संपत्ति को लावारिस खाली छोड़ दिया। न्यायालय ने जफरुल्ला समूह द्वारा किए गए स्वामित्व के दावों को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि विदेशी साझेदारों के अंश का हस्तांतरण भारतीय रिजर्व बैंक की अनुमति के बिना किया गया था, जो विधिक रूप से अमान्य है। अदालत ने स्पष्ट किया कि 1939 में पंजीकृत मूल फर्म की संपत्ति पर वर्ष 2004 में बनी नई फर्म का कोई कानूनी हक नहीं है।

### हालात भांप हाईकोर्ट पहुंचे पक्षकार

मामला स्थानीय जिलाधिकारी की अदालत में लंबित था। अदालत में हुई कई बहस के बाद स्थितियों का आंकलन करते हुए पक्षकार हाईकोर्ट चले गए। इसी बीच स्थानीय जिलाधिकारी की अदालत ने अपना फैसला सुना दिया।

### भू अभिलेखों में भी दर्ज है सरकारी सेवारत कर्मी

सीतापुर के बाद जनपद सुल्तानपुर में सरकारी सेवाएं दे रहे केके को सीतापुर भा रहा है। ऐसे में उसकी शहर और उसके आसपास की चर्चित प्रापर्टियों पर नजर है। ऐसे में वो सदर तहसील क्षेत्र की एक भूमि पर सहखाताधारक भी है।

# जेल में बंदी का लटकता मिला शव

## कारागार में निरुद्ध था मिश्रिख के दानियारपुर का मुनेंद्र

**जांच शुरू**

- उच्चाधिकारियों के आदेश पर शुरू हुई जांच, परिजनों ने उठाए सवाल

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर


मुनेंद्र। (फाइल फोटो)

**अमृत विचार:** कारागार में निरुद्ध बंदी का लटका हुआ शव मिला। जेल में हुई संदिग्ध मौत के बाद कारागार और पुलिस-प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन फानन में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कारणों की जांच शुरू की गई। जेल में निरुद्ध बंदी मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र के दानियारपुर गांव का निवासी था। मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र का दानियारपुर निवासी मुनेन्द्र पुत्र रमेश इसी वर्ष अप्रैल माह में दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत जेल लाया गया था। बताते हैं कि सुबह सबकुछ ठीक-ठाक था, इसके बाद मुनेन्द्र का शव उसी की बैरक के भीतर फंदा से लटका मिला। साथी बंदियों ने इसकी सूचना तत्काल जेल प्रशासन को दी। जेल अधीक्षक प्रीति यादव ने मौके पर पहुंचकर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। सूचना डीएम डॉ. राजा गणपति आर. और एसपी अंकुर अग्रवाल को भी दी गई। इसी के बाद हरकत में पुलिस और प्रशासनिक अमला आ गया। कारणों की जांच के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। कारागार अधीक्षक प्रीति यादव का कहना है कि सुरक्षा व्यवस्था में चूक या लापरवाही को लेकर जांच की जा रही है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है। उधर, परिवार के लोगों ने अचानक हुई मौत पर संदेह जताया है।

### हत्या के चार दोषियों को आजीवन कारावास

**सीतापुर, अमृत विचार :** जनपद पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते अदालत ने हत्या के एक पुराने मामले में चार आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 'ऑपरेशन कंविक्शन' के तहत पैरवी कर पुलिस ने दोषियों को अंजाम तक पहुंचाया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, थाना इमलिया सुल्तानपुर में वर्ष 2010 में हत्या मुअसं 570/2010 का मामला पंजीकृत हुआ था। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में पुलिस व अभियोजन विभाग द्वारा मामले की गुणवत्तापूर्ण विवेचना और न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई। साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर सोमवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने ग्राम कुरका निवासी संजय, राकेश, पूषा और मुन्ना को दोषी करार दिया। कोर्ट ने आजीवन कारावास व प्रत्येक को पांच-पांच हजार अर्थदण्ड की सजा सुनाई। अर्थदण्ड न देने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

### एसडीएम ने परखी खाद की उपलब्धता


खाद की उपलब्धता का आकलन करने पहुंचे एसडीएम सिधौली। अमृत विचार

**कमलापुर, सीतापुर :** उप जिलाधिकारी सिधौली अवनीश कुमार व तहसीलदार मुकेश शर्मा ने साधन सहकारी समिति लिमिटेड कमलापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद गोदाम में 22 बोरी एनपीके खाद उपलब्ध मिली। एसडीएम ने स्टॉक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर और खाद वितरण मशीन का अवलोकन करते हुए सचिव दिलीप कुमार अवस्थी को तत्काल यूरिया खाद की डिमांड भेजकर आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एडीओ कृषि कमरुद्दीन, अनुज बाजपेई व अमर शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### 181वां सालाना उर्स-ए-हाफिजी कल से


दरगाह हाफिजिया असलम मियां। अमृत विचार

**खैराबाद/सीतापुर :** स्थानीय दरगाह हाफिजिया असलम मियां में पांच दिवसीय 181वां सालाना उर्स-ए-हाफिजी बुधवार से शुरू होने जा रहा है, जो 10 मई तक चलेगा। सज्जादानशीन हाजी सैयद फुरकान वहीद हाशमी ने बताया कि उर्स की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और जायरीनों के आने का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 5 मई को ख्वाजा कुतुब साहब की शब होगी और 6 मई की देर रात बड़े हाफिज साहब का संदल पेश किया जाएगा। 7 मई को 181 वां कुल शरीफ होगा, जबकि 8 मई को मदरसा जामिया हाफिजिया के छात्रों के लिए सम्मान समारोह जलसा आयोजित किया जाएगा। 9 मई को छोटे हाफिज साहब के 127वें उर्स के अवसर पर संदल व चादर पेश की जाएगी और 10 मई की शाम 6:30 बजे कुल शरीफ के साथ उर्स का समापन होगा।

# किसानों को दी फसल की क्षतिपूर्ति राशि

- नगर विकास राज्यमंत्री व डीएम की उपस्थिति में लाभार्थियों को दी गई सहायता राशि

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर



प्रमाण-पत्र वितरित करते नगर विकास राज्यमंत्री और जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर 'गुरु' एवं जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की उपस्थिति में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभार्थियों को क्षतिपूर्ति राशि का वितरण किया गया।

मार्च एवं अप्रैल माह में हुई असामयिक वर्षा से फसलों को हुए नुकसान के लिए अब तक 481 कृषकों के आवेदन स्वीकृत कर 17.32 लाख रुपये की धनराशि मंजूर की गई है।

कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री ने प्रतीकात्मक रूप से पांच प्रगतिशील किसानों रविन्द्र प्रताप, चन्द्रिका प्रसाद, राजकुमार, अमित तिवारी व गोविन्द सिंह को कुल 1 लाख 607 रुपये की क्षतिपूर्ति वितरित की। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक ए.के. सिंह सहित विभागीय अधिकारी व कृषक मौजूद रहे।

**एक लाख से अधिक किसानों ने कराया बीमा:** खरीफ व रबी सीजन के लिए जिले के एक लाख से अधिक किसानों ने बीमा कराया था। व्यक्तिगत नुकसान के प्राप्त 1534 आवेदनों में से शेष 869 पर बीमा कंपनी स्तर से प्रक्रिया जारी है।


लालबाग स्थित अटल चौराहे पर जश्न मनाते भाजपाई।

### बंगाल व असम की जीत पर मना जश्न

**सीतापुर, अमृत विचार :** पश्चिम बंगाल और असम विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के शानदार प्रदर्शन से उत्साहित कार्यकर्ताओं ने जनपद में जमकर जश्न मनाया। निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता ढोल-नगाड़ों के साथ लालबाग स्थित अटल चौक पहुंचे और पटाखे फोड़कर व मिठाई बांटकर खुशी साझा की। अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'सबका साथ-सबका विकास' की नीति और शीर्ष नेतृत्व के प्रति जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। इस दौरान संजय मिश्रा, जितेंद्र मेहरोत्रा, अनूप विश्वकर्मा, दीपिल अरोड़ा, अंकुल तिवारी, सुभाष यादव, उत्तम पांडेय सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### स्वगणना को जन आंदोलन बनाएं अधिकारी : जिलाधिकारी

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में स्व-गणना कार्य की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने स्व-गणना को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए इसे जन-आंदोलन के रूप में चलाने का आह्वान किया। बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि जनपद के प्रत्येक वार्ड, ग्राम पंचायत और मजरे तक स्व-गणना की जानकारी पहुंचाई जाए। इसके लिए होर्डिंग, सोशल मीडिया और प्रचार वाहनों के जरिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों से अपील वाले वीडियो बनवाकर प्रचारित करने को भी कहा। तकनीकी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने पोर्टल और मोबाइल ऐप के सुचारु संचालन हेतु तकनीकी टीम को सक्रिय रहने के निर्देश दिए। प्रत्येक विभाग को नोडल अधिकारी नामित करने तथा गणनाकारों व सुपरवाइजरों को समय से प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सीडीओ डॉ. दीक्षा जोशी, एडीएम नीतीश कुमार सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### हेलीपोर्ट मार्ग पर धंसी सड़क, हादसे का इंतजार

**नैमिषारण, सीतापुर :** तीर्थ क्षेत्र के प्रमुख मार्ग हेलीपोर्ट रोड पर बारिश के चलते सड़क धंसने से एक बड़ा गड्ढा हो गया है, जो राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बना हुआ है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासनिक उपेक्षा के चलते इस गड्ढे को भरने की कोई पहल नहीं की जा रही है। रात के अंधेरे में यह स्थान और भी खतरनाक हो जाता है। गड्ढे को तत्काल ठीक कराए जाने की मांग की गई है।


टूर्नामेंट के दौरान उपस्थित अतिथिगण व अन्य। अमृत विचार

### खैराबाद ने सरैयां को हराकर जीती ट्रॉफी

**लहरपुर, सीतापुर :** क्षेत्र के ग्राम गौरियाझाल में आयोजित एक दिवसीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में खैराबाद की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल का खिताब अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ सपा विधायक अनिल वर्मा ने फीता काटकर किया। विधायक अनिल वर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाएं निखरती हैं और आपसी भाईचारा बढ़ता है। क्षेत्र पंचायत सदस्य शोएब द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया। पूरी रात चले मुकाबलों के बाद फाइनल सरैयां और खैराबाद के बीच खेला गया। सरैयां ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 ओवर में 20 रन बनाए, जिसे खैराबाद की टीम ने 4 ओवर में ही हासिल कर लिया। विजेता टीम को 6500 व ट्रॉफी और उपविजेता को 2100 का पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर लेखराज लोधी, आलोक सिंह, राहुल सिंह, ओम प्रकाश सिंह और अखिलेश दीक्षित आदि खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### आकाशीय बिजली गिरने से अधिवक्ता के घर के उपकरण फुंके

**महमूदाबाद, सीतापुर :** तहसील क्षेत्र के मोहल्ला रमवापुर में खराब मौसम के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। बिजली गिरने से घर के इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर राख हो गए। रमवापुर निवासी अधिवक्ता कृष्ण मुरारी के मुताबिक, उनके घर पर तेज धमाके के साथ आकाशीय बिजली गिरी। इस प्राकृतिक आपदा की चपेट में आने से घर में लगा फ्रिज, पंखे और बिजली की पूरी वायरिंग जल गई। धमाका इतना तेज था कि आसपास के मोहल्लेवासी भी दहशत में आ गए। राहत की बात यह रही कि इस घटना के समय घर के सभी सदस्य सुरक्षित रहे और किसी भी प्रकार की जनहानि या पशुहानि नहीं हुई। बिजली गिरने से जहां परेशानी हुई वहीं लोगों को आर्थिक नुकसान भी हुआ है।



सेहत सुधारने का संकल्प लेते किसान। अमृत विचार

### मिट्टी की सेहत सुधारने का लिया संकल्प

**इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर :** कृषि विज्ञान केंद्र, कटिया ने विकासखंड एलिया के ग्राम कचनार में संतुलित उर्वरक एवं एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान किसानों को रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग से बचने और जैविक विकल्पों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दया एस. श्रीवास्तव ने बताया कि केवल रासायनिक खादों पर निर्भरता मिट्टी के स्वास्थ्य को बिगाड़ रही है। उन्होंने मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के लिए देशी खाद, हरी खाद, वर्मी कम्पोस्ट और जैव उर्वरकों के एकीकृत प्रयोग पर जोर दिया। कार्यक्रम में 52 प्रगतिशील किसानों ने हिस्सा लिया। समापन पर किसानों ने मिट्टी को स्वस्थ बनाने व भविष्य में जैविक खादों को प्राथमिकता देने की शपथ ली।

### महिला को सौंपा जेवर से भरा खोया बैग

**कमलापुर, सीतापुर :** थाना पुलिस ने ईमानदारी और सक्रियता का परिचय देते हुए जेवरात व कीमती सामान से भरा बैग उसकी असल मालकिन को सुपुर्द कर दिया। बैग पाकर महिला के परिजनों ने पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना की है। बीते 14 अप्रैल को लखनऊ निवासी अर्पित चौरसिया अपनी भाभी आंशी चौरसिया के साथ नैपालापुर जा रहे थे, तभी हाईवे पर विद्याज्ञान स्कूल के पास उनका बैग गिर गया था। यह बैग सुरैंचा निवासी शैलेंद्र को मिला था। 16 अप्रैल को गांव में सामान के बंटवारे को लेकर हो रहे विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बैग को अपने कब्जे में ले लिया था। इसके बाद सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से बैग के मालिक की तलाश शुरू की गई। पुलिस ने तस्दीक करने के बाद हार, नथुनी व अन्य कीमती सामान से भरा बैग आंशी चौरसिया को सौंप दिया।

### लहरपुर में फसलों को नुकसान, गाय की मौत


तेज बारिश के बाद सड़क पर भरा पानी। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर :** तेज आंधी और बारिश से आंधी-तूफान के कारण सब्जी की फसलों कद्दू, लौकी, खीरा, तरबूज और खरबूजा को भारी नुकसान पहुंचा है। सबसे अधिक मार आम की फसल पर पड़ी है। तेज हवाओं से कच्चे आम टूटकर गिर जाने से बागवानों को बड़ा आर्थिक झटका लगा है। हालांकि, गन्ना किसानों के लिए यह बारिश फायदेमंद साबित हुई है। उधर, कोतवाली के निकट विद्युत पोल के स्टे में आ रहे करंट की चपेट में आने से मोहल्ला गन्नी टोला निवासी राम भोला मौर्य की गाय की मौके पर ही मौत हो गई। कई इलाकों में पानी भरने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। अवर अभियंता ग्रामीण अभिनव शुक्ला ने बताया कि पोल टूटने और तारों पर पेड़ों की टहनियां गिरने से आपूर्ति बाधित हुई है। नगर क्षेत्र की बिजली बहाल कर दी गई है, जबकि ग्रामीण अंचलों में रमुवा पुर और तालगांव फीडर समेत अन्य जगहों पर मरम्मत कार्य जारी है।

**बदला मौसम** आंधी से कई स्थानों पर गिरे पेड़, बिजली के पोल धराशायी होने से लड़खड़ाई आपूर्ति, दिन में दिखा रात जैसा नजारा

# आंधी के बाद झमाझम बारिश से गिरा तापमान, गर्मी से मिली राहत

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर


शहर के मुख्य मार्ग पर सुबह छाई धुंध के बीच लाइट जलाकर गुजरते वाहन।


आंधी के बाद गिरे विद्युत पोल। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जनपद में सुबह मौसम ने अचानक करवट ली, सुबह आसमान में अचानक घने बादल छा गए और ऐसा अंधेरा हुआ कि दिन में ही रात का अहसास होने लगा। सड़कों पर दृश्यता इतनी कम हो गई कि वाहन चालकों को लाइट जलाकर निकलना पड़ा। अचानक हुए इस बदलाव के बीच करीब पौन घंटा झमाझम बारिश हुई, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहा। आंधी के कारण कई स्थानों पर हाई वोल्टेज लाइनों पर पेड़ गिरने से तार टूट गए और बिजली के खंभे भी क्षतिग्रस्त हुए, नेटवर्क बाधा ने दिन भर निजी और सरकारी कार्यों को बाधित किया।

**गन्ने की फसल को मिली संजीवनी:** जोरदार बारिश कृषि क्षेत्र के लिए वरदान साबित हुई। किसान अभिषेक सिंह, सुनील, प्रदीप यादव, अविनाश, रामशंकर ने बताया कि बारिश से गन्ने की फसल की सिंचाई का काम आसान हो गया है। कहते हैं कि इससे अधिक बारिश जरूर सब्जियों आदि की फसलों को नुकसान पहुंचा सकती है।

**एसडीएम ने किया समिति का औचक निरीक्षण:कमलापुर:** उपजिलाधिकारी सिधौली अवनीश कुमार ने कमलापुर कस्बे का जायजा लिया। सर्विस रोड पर हुए जलभराव को देख एसडीएम ने खंड विकास अधिकारी बीडीओ कसमंडा को फोन कर कड़ी फटकार लगाई, इसके बाद एसडीएम ने बहुउद्देशीय ग्रामीण सहकारी समिति बी-पैक्स कमलापुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद का स्टॉक, स्टॉक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर और रखरखाव की बारीकी से जांच की गई।

**रुक-रुक कर बारिश सड़कों पर पसरा सन्नाटा:रामपुर मथुरा:** मूसलाधार बारिश के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसर गया और लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। दोपहर 12 बजे तक रुक-रुक कर बारिश होती रही, जिसके बाद करीब 1 बजे हल्की धूप खिली। कृषि वैज्ञानिक डॉ. दया श्रीवास्तव के अनुसार, बारिश पिपरमेंट, गन्ना और मक्के की फसल के लिए अमृत के समान है। खेतों में पर्याप्त नमी से फसलों को काफी लाभ होगा।


कांशीराम कॉलोनी का निरीक्षण करते डीएम डॉ. राजा गणपति आर। अमृत विचार

### बारिश के बाद जिलाधिकारी ने किया जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने प्रशासनिक अमले के साथ क्षेत्र का भ्रमण किया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तेज हवाओं के कारण गिरे पेड़ों को तत्काल सड़कों से हटवाया जाए, ताकि आवागमन बाधित न हो। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# साक्ष्य जले या सच्चाई... लाखों के पाइपों में लगी आग बनी रहस्य

संवाददाता, रायबरेली

**जिम्मेदार खामोश**

- **बीते शुक्रवार को गोरा बाजार पावर हाउस के निकट रखी जल जीवन मिशन की पाइपों में लगी थी आग**

**अमृत विचार।** जब साक्ष्य ही मिट जाएंगे, तो गुनाहों का हिसाब कौन करेगा। यह पंक्ति भले ही साहित्यिक लगे, लेकिन शहर के गोरा बाजार पावर हाउस के निकट घटित हालिया घटना ने इसे एक भयावह यथार्थ का रूप दे दिया है। अमृत योजना 2.0 (जल जीवन मिशन) से जुड़ी लाखों रुपये की पाइपों में लगी संदिग्ध आग ने न केवल प्रशासनिक व्यवस्था, बल्कि पूरे सिस्टम की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं।

बीते शुक्रवार दोपहर गोरा बाजार स्थित पावर हाउस के निकट उस समय अफरा-तफरी मच गई जब वहां रखी पाइपों में अचानक आग लग गई। यह स्थान बाउंड्री वॉल से घिरा हुआ है, जहां सुरक्षा गार्ड तैनात हैं और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी भी मौजूद है। तीन दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर काबू तो पा लिया गया, लेकिन उससे उठे सवाल अब तक अनुत्तरित हैं, जहां बिजली कनेक्शन तक नहीं, वहां शॉर्ट सर्किट की संभावना कैसे...? कड़ी सुरक्षा के बावजूद कोई बाहरी व्यक्ति अंदर पहुंचा तो कैसे...? और अगर पहुंचा, तो सीसीटीवी फुटेज में क्यों


पाइप में लगी आग। (फाइल फोटो)

नहीं दिखा...? घटना के ठीक एक दिन पहले कलेक्ट्रेट सभागार में जिले भर में जल जीवन मिशन के तहत कथित घोटालों पर चर्चा हुई थी। नवागंतुक जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने मामले को गंभीरता से लिया था। ऐसे में यह संयोग महज संयोग है या फिर जांच की आंच से बचने के लिए रचा गया कोई आग का खेल यह सवाल अब जन चर्चा का केंद्र बन चुका है। स्थानीय स्तर पर यह आशंका जोर पकड़ रही है कि पाइपों और उपकरणों में हुए कथित भ्रष्टाचार के सबूत मिटाने के लिए ही आग लगाई गई हो। हालांकि आधिकारिक रूप से अभी तक ऐसी किसी बात की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन परिस्थितियां संदेह को बल जरूर दे रही हैं। यह पहला मौका नहीं है जब जल जीवन मिशन की कार्यशैली सवालों में आई हो। लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग तस्वीर पेश करती है। कई ग्राम सभाओं में आज तक पाइप लाइन बिछाने का कार्य अधूरा है। शहर की सड़कों की हालत बदहाल, ठेकेदारों और विभागीय अधिकारियों पर अनियमितताओं के आरोप इन सबके बीच यह अग्निकांड मानो एक बड़े "कवर-अप" की कहानी की ओर इशारा कर रहा है। इस पूरे घटनाक्रम ने प्रशासन के सामने चुनौती खड़ी कर दी है। लगातार चर्चाएं हैं कि यदि निष्पक्ष और गहन जांच होती है तो कई परतें खुल सकती हैं चाहे वह लापरवाही हो, सिस्टम की खामी या फिर सुनियोजित भ्रष्टाचार की। अब नजरें जांच पर हैं क्या सच सामने आएगा, या राख में ही दब जाएगा?

वहीं जल निगम के जिम्मेदार प्रकरण में मौन है। वहीं सिविल लाइन चौकी प्रभारी कपिल चौहान का कहना है कि मामला संदिग्ध है। जांच चल रही है। इसके बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**महराजगंज (रायबरेली)।** रविवार को अमेठी जिले के जायस थाना क्षेत्र के सुक्खा सिंह का पुरवा मजरे उड़वा हेमराज पुर का निवासी शोभनाथ बाइक से तिलोई ब्लॉक के धर्मेधाम के पास लालगंज गांव में एक निमंत्रण में शामिल होने गया था। देर रात वापस लौटते समय वह किसी काम से रायबरेली की ओर जा रहा था। रविवार शाम मोहनगंज की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने शोभनाथ की बाइक को सामने से टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गया। टक्कर मारने के बाद चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने घायल को एम्बुलेंस की मदद से अमावा सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** कोर्ट ने डीह थाना क्षेत्र से जुड़े महिला से दुष्कर्म के एक मामले में दोषसिद्ध होने पर आरोपी को 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। दोषी पर 12 हजार रूपये अर्थदंड भी लगाया गया है। यह फैसला जिला एवं सत्र न्यायालय स्थित कोर्ट संख्या आठ के अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक सिन्हा ने सोमवार को सुनाया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले एडीजीसी (क्रिमिनल) दिनेश बहादुर सिंह के मुताबिक मामले की रिपोर्ट पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर एसपी के आदेश के बाद थाना डीह में दर्ज हुई थी। रिपोर्ट के अनुसार 23 अप्रैल 2019 की रात करीब 10 बजे जब पीड़ित महिला गेहूं काटकर घर आ रही थी ।तभी रास्ते में जान से मारने की धमकी देते हुए नीरज ने पीड़िता के साथ जबरन दुष्कर्म किया। पुलिस ने विवेचना बाद डीह थाना क्षेत्र के पूरे सूबेदार मजरे मोहगवां निवासी नीरज यादव के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की। अदालत ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त को कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। साथ ही कोर्ट ने अर्थदंड जमा होने पर 10 हजार रुपये पीड़िता को देने का भी निर्देश दिया है।

## फौजी एआई एप बनाकर संतोष ने बढ़ाया गौरव

**संवाददाता, रायबरेली।** जिले के लालगंज तहसील के अंतर्गत आने वाले लखांगांव निवासी संतोष कुमार सिंह ने अपने एआई आधारित एप फौजी एआई के माध्यम से अपने गांव और जिले का नाम रोशन किया है। भारतीय सेना में कार्यरत संतोष कुमार सिंह द्वारा विकसित इस एप के बीटा संस्करण को हाल ही में आयोजित एआई प्रोडक्ट डेवेलपमेंट कम्प्टीशन में टॉप 10 में स्थान प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि के चलते फौजी एआई को द एंटरप्रेन्योर्स आफ इंडिया मैगज़ीन में फीचर किया गया है। यह एप एक आई आधारित प्लेटफॉर्म है, जिसे खास तौर पर फौजी जवानों और उनके परिवारों की सहायता के लिए तैयार किया गया है। संतोष कुमार सिंह ने बताया कि यह ऐप अभी बीटा संस्करण में है और इसे लगातार बेहतर बनाने का कार्य किया जा रहा है।


संतोष कुमार सिंह।

## स्वगणना करके जनगणना को बनाए आसान

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** जिले में जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान गणना कार्यक्रम से पहले चलाए जाने वाले स्वगणना अभियान को लेकर विकास भवन सभागार में बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता ने बताया कि स्वगणना अभियान 07 मई से 21 मई तक संचालित किया जाएगा। बैठक में जनपद के सभी कार्यालयाध्यक्षों के साथ अभियान की तैयारियों और रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के माध्यम से न केवल स्वयं स्वगणना करें, बल्कि आमजन को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने सभी को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभागों के माध्यम से व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग स्वगणना प्रक्रिया में भाग ले। सीडीओ ने बताया है कि जनगणना 2027 के अंतर्गत पहली बार उच्च प्राथमिकता वाली व्यवस्था स्वगणना (एसई) प्रचलन में लायी गयी है। उन्होंने बताया कि अभियान में प्रत्येक विभाग के प्रमुख को पहले दिन 7 मई को स्वयं अपनी स्थिति का ब्यौरा देना है और अपने अधीनस्थ समस्त कर्मचारियों को ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि स्वगणना के नाम पर किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी से बचाव के लिए जनसामान्य को जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अमृता सिंह, जिला विकास अधिकारी अरूण कुमार, उपायुक्त एनआरएलएम सविता सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर अरूण कुमार आदि उपस्थित रहें।

## मेधावी को टैबलेट देकर किया उत्साहवर्धन


सीडीओ अंजूलता की उपस्थिति में छात्रा को टैबलेट देते डीपीआरओ सौम्यशील सिंह।

**संवाददाता, रायबरेली।** मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता के निर्देश पर जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह ने मेधावी छात्रा वैष्णवी सिंह पुत्री मनोज सिंह को टैबलेट देकर उत्साहवर्धन किया। इस समय वैष्णवी इंटरमीडिएट उत्तीर्ण कर वर्तमान में नीट की तैयारी कर रही हैं। गौरतलब है कि छात्रा द्वारा मुख्य विकास अधिकारी से टैबलेट उपलब्ध कराए जाने का अनुरोध किया गया था। इस दौरान छात्रा को नियमित रूप से अध्ययन करने, अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने तथा शिक्षा के माध्यम से उज्ज्वल भविष्य निर्माण के लिए प्रेरित किया गया।

## आरोपियों को थाने में 2 बार हाजिरी लगाने के आदेश

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** सोमवार को एडीएम प्रशासन ने गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत आधा दर्जन से अधिक लोगों को छह माह तक अपने-अपने थाने में हाजिरी देने का आदेश दिया है। उन्होंने आरोपियों को अपने जीवन में सुधार लाने के लिए उन्हें एक अवसर दिया है। यदि यह सभी आरोपी अपने व्यवहार में सुधार व प्रत्येक माह थाने में दो बार जाकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं तो उन्हें दर्ज गैंगेस्टर की कार्रवाई से राहत मिलेगी। इस मामले में संतोष सिंह पुत्र रामप्रताप सिंह निवासी ग्राम पूरे बाबू जी मजरे पाली थाना महराजगंज, सन्तोष पुत्र स्व. रामप्यारे निवासी ग्राम गनेशपुर थाना खीरों, किशनलाल पुत्र महाबीर लोधी निवासी ग्राम सादुल्लापुर थाना खीरों, रूपेन्द्र बहादुर सिंह पुत्र चन्द्रिका प्रसाद बहादुर निवासी ग्राम बेहटा कला थाना लालगंज, आजाद पुत्र पीर मोहम्मद निवासी ग्राम नरपतगंज मजरे भीरा गोविन्दपुर थाना लालगंज, कुलदीप कुमार पाण्डेय उर्फ गुड्डू पाण्डेय पुत्र अशोक कुमार पाण्डेय निवासी ग्राम गनेशगंज थाना ऊंचाहार, पवन पुत्र रामनरेश निवासी ग्राम ऐहारी बुजुर्ग थाना लालगंज, रामनिरन्तर तिवारी पुत्र स्व. राधेश्याम तिवारी निवासी ग्राम ऐहारी बुजुर्ग थाना ऊंचाहार व संदीप जोशी पुत्र रामसनेही जोशी निवासी ग्राम पैगम्बरपुर पश्चिमी थाना सलोन शामिल हैं।

**न्यूज ब्रीफ**

## फरार चल रही महिला आरोपी गिरफ्तार

**जगतपुर, अमृत विचार :** ब्लैकमेलिंग व मानसिक प्रताड़ना से युवक की आत्महत्या के मामले में फरार चल रही महिला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना क्षेत्र के ग्राम कितुली निवासी शिवभवन दीक्षित ने तहरीर में बताया था कि उनके भाई रमाकांत दीक्षित को प्रभावती पत्नी सज्जन पासी निवासी लालपुरी मजरे गौरा खसपरी लगातार परेशान कर रही थी। आरोप है कि महिला फर्जी वीडियो बनाकर करीब ढाई लाख रुपये की मांग कर रही थी और रुपये न देने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देती थी। परिजनों के मुताबिक कुछ माह पहले महिला ने अपने पति के साथ मिलकर मृतक की मोटरसाइकिल अपने पास रख ली थी और रुपये देने पर ही लौटाने की बात कह रही थी। लगातार बढ़ते मानसिक और सामाजिक दबाव से परेशान होकर रमाकांत दीक्षित ने कई माह पूर्व आत्महत्या कर ली थी। तब से महिला आरोपी फरार थी। थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि कानपुर नगर के सरसौल क्षेत्र स्थित एक ईंट-भट्ठे के पास से आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

## पूर्व प्रधान सत्यनारायण सिंह का निधन

**जगतपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के समाजसेवी एवं हरदीटीकर के पूर्व ग्राम प्रधान सत्यनारायण सिंह का रविवार देर रात निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। निधन की सूचना पर कृष्ण कुमार पटेल, अजय त्रिपाठी, बिन्नू सिंह, खंड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार त्रिपाठी तथा जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना सहित अनेक लोगों ने शोक जताया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**डीह, अमृत विचार :** शाहजहांपुर के मनीष पुत्र भगवानदास दो माह पूर्व अपने पिता के साथ पूरे ग़मेलन मजरे डीह मामा के घर आया था। सोमवार के दोपहर बाद उसका शव डीह कस्बे के पास स्थित बब्बू सिंह की आम के बाग में संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र मोहन सरोज ने इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी। मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र मोहन सरोज ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है। जांच की जा रही है।

## मोबाइल पाकर लोगों के खिल उठे चेहरे

**रायबरेली, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक ने पुलिस व सर्विलांस टीम की मदद से 101 मोबाइल बरामद कर लोगों के सुपुर्द किया। सोमवार को खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने बताया पुलिस टीम व सर्विलांस टीम की मदद से लोगों के खोये हुए 101 मोबाइल बरामद किए गए है। जिनकी कीमत पन्द्रह लाख रुपए बताई गई है। जिसमें बछरावा पुलिस ने 37 मोबाइल बरामद कर सराहनीय कार्य किया है। बरामद सभी मोबाइल स्वामियों को सौपा गया है।

## पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं में खुशी

**डीह, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी पश्चिम बंगाल में मिली प्रचंड बहुमत की जीत पर क्षेत्र के भाजपाइयों ने खुशी का इजहार किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राजकुमार द्विवेदी, परशदेपुर नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद कौशल, पूर्व प्रधान रंजीत सिंह, मंडल महामंत्री राज द्विवेदी, अखिलेश सिंह, विनय सिंह, शैलेन्द्र मिश्र, रजनीश पांडेय, अखिलेश मौर्य, शुभम पांडेय आदि ने एक दूसरे को मुंह मीठा कराया।

# जिंदगी की चौखट पर खौफनाक कुत्तों का पहरा

**खतरे में जान: जिला अस्पताल में इलाज कराने वालों में कुत्तों की दहशत, सुरक्षा गार्ड रहते हैं खामोश**

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिला पुरुष चिकित्सालय इन दिनों इलाज से ज्यादा अव्यवस्था के लिए चर्चा में है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि अस्पताल परिसर में अड्डा बनाने वाले आवारा कुत्तों का खौफ पूरी तरह से बरकरार है। यह सिर्फ एक छोटी समस्या नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की नाकामी का साक्षात प्रमाण है, जहां सुरक्षा और व्यवस्थाएं कागजों तक सीमित रह गई हैं।

जिला चिकित्सालय के ओपीडी, ब्लड बैंक, पर्चा काउंटर और दवा वितरण केंद्र व हर उस कोने में जहां जीवन बचाने की निरंतर कोशिशें होती हैं। वहीं परिसर में सुबह से लेकर देर शाम तक अस्पताल के भीतर कुत्तों की मौजूदगी नजर आती है। इन कुत्तों के लिए कोई रोक-टोक नहीं है। मरीजों की भीड़ के बीच इनका बेखौफ घूमना किसी भी वक्त खतरे में बदल सकता है, लेकिन जिम्मेदारों की चुप्पी इस खतरे को और बढ़ा रही है। अस्पताल की अव्यवस्था का आलम यह है कि जहां साफ-सफाई, सुरक्षा और अनुशासन की सख्त जरूरत होती है, वहां हर स्तर पर लापरवाही नजर आती है। कुत्तों का इस तरह अंदर तक पहुंच जाना सिर्फ गार्डों की नाकामी नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था के फेल होने का साफ संकेत है। मरीज और उनके तीमारदार इस हालात से बेहद परेशान हैं। उनका कहना है कि अस्पताल में पहले ही बीमारी का बोझ होता है, ऊपर से इस तरह का माहौल डर और असहजता पैदा करता है। कई लोग तो कुत्तों की वजह से अस्पताल के अंदर जाने से भी कतराने लगते हैं। प्रशासनिक स्तर पर भी स्थिति चिंताजनक है। जिम्मेदार अधिकारी हालात को गंभीरता से लेने के बजाय अनदेखा करते नजर आते हैं। यही वजह है कि समस्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है और कोई ठोस समाधान सामने नहीं आ रहा। जिला अस्पताल जो भरोसे और इलाज का केंद्र होना चाहिए अब यहां पर अव्यवस्था और लापरवाही चरम पर है। अगर जल्द ही इस "कुत्तों के कब्जे" और बदहाल व्यवस्था का समाधान नहीं किया गया, तो यह डर और असुरक्षा किसी बड़ी त्रासदी में बदल सकती है। अब सवाल सिर्फ व्यवस्था सुधारने का नहीं, बल्कि लोगों में उस विश्वास को वापस लाने का है, जो हर मरीज अपने साथ अस्पताल लेकर आता है।

### अस्पताल के अंदर घूमते हैं कुत्ते गेट पर रोके जाते हैं इंसान

अस्पताल में गेट पास अब जरूरत नहीं, मजबूरी बन चुका है। तीमारदारों का कहना है कि कई बार आपात स्थिति में भी उन्हें अंदर जाने से रोक दिया जाता है। गार्डों की सख्ती सिर्फ आम लोगों तक सीमित है। सीएमएस के निर्देशों के बावजूद सुरक्षा गार्डों की भूमिका बेहद संदिग्ध नजर आती है। विडंबना यह है कि जिन लोगों को वार्ड में जाना जरूरी होता है, उन्हें गेट पास के नाम पर रोक दिया जाता है और अपमानित तक किया जाता है। वहीं दूसरी ओर, अनाधिकृत लोग और आवारा कुत्ते बिना किसी रोक-टोक के अस्पताल के हर कोने में घूमते रहते हैं। अस्पताल में जहां मरीज बैठे होते हैं वहां मौजूद सुरक्षा गार्ड पहले से बैठे व घूमते कुत्तों को नहीं रोकते। जो मरीजों की जान पर भारी पड़ सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर यही सुरक्षा व्यवस्था है, तो मरीजों की हिफाजत का जिम्मा आखिर किसके भरोसे है?


ब्लड बैंक परिसर में आराम फरमाते कुत्ते व खड़े रक्तदाता।

> जिला अस्पताल में मरीजों व तीमारदारों की सहायता के लिए सुरक्षा गार्ड लगाए गए हैं। अस्पताल में अनावश्यक और फर्जी लोगों की भीड़ न जमा हो इसके लिए सुरक्षा गार्डों को निर्देशित किया गया है। अस्पताल में आवारा कुत्तों के जमा होने जैसी कोई समस्या नहीं है। साथ ही आवारा कुत्तों पर विशेष तौर पर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।
>
> **-डॉ. पुष्पेंद्र कुमार, सीएमएस, जिला पुरुष चिकित्सालय रायबरेली।**

## 'ओ' लेवल में निखत के मेधावियों ने फहराया परचम

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** निखत कम्प्यूटर संस्थान के ओ लेवल जनवरी 2026 के परीक्षा परिणाम घोषित होते ही पूरे संस्थान में खुशी की लहर दौड़ गई। परिणाम आते ही छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी सफलता का जश्न मनाया। इस अवसर पर संस्थान परिसर में उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला। संस्थान के निदेशक मोहम्मद अयाज ने बताया कि संस्थान के 79 मेधावियों ने ओ लेवल कोर्स में क्वालीफाई किया है, जबकि 295 छात्रों ने सेमेस्टर परीक्षा उत्तीर्ण कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इनमें 35 मेधावी छात्र-छात्राएं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित नि:शुल्क ओ लेवल कोर्स से जुड़े हुए हैं, जिन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का मान बढ़ाया है। निदेशक ने कहा कि इन छात्रों की यह सफलता न केवल उनकी मेहनत का परिणाम है, बल्कि संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन का भी प्रमाण है। उन्होंने यह भी बताया कि ये सभी छात्र भविष्य में समीक्षा अधिकारी, सहायक लेखाकार, एएसआई, कंप्यूटर ऑपरेटर और तकनीशियन जैसे विभिन्न सरकारी पदों के लिए योग्य हो गए हैं। साथ ही एआई, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस और वेब डेवलपमेंट जैसे आधुनिक क्षेत्रों में प्रशिक्षण लेकर आईटी सेक्टर में रोजगार के नए अवसर प्राप्त कर सकते हैं। संस्थान के संयोजक मोहम्मद अरशद ने इस सफलता का श्रेय निदेशक मोहम्मद अयाज और पूरी टीम को दिया। इस अवसर पर संस्थान के सभी शिक्षकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


निखत कम्प्यूटर संस्थान के मेधावी।

## सड़क पर पलटा डंपर, आवागमन बाधित

**छतोह (रायबरेली) अमृत विचार।** नगर पंचायत परशदेपुर क्षेत्र में सोमवार की सुबह राइस मील के पास डंपर मौरंग खाली कर वापस मुड़ रहा था, तभी अचानक उसका पिछला हिस्सा असंतुलित होकर सड़क के बीचों-बीच पलट गया। डंपर के पलटते ही मार्ग पूरी तरह से बाधित हो गया। जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद डंपर को हटवाकर यातायात बहाल कराया।

# सरेआम मारपीट, कपड़े खींचने की हुई कोशिश, तमाशबीन बनी भीड़

संवाददाता, रायबरेली

**दुस्साहस**

- **महिला से बर्बरता का वीडियो वायरल, 'मिशन शक्ति' की हकीकत पर खड़ा हुआ सवाल**

**अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र से सामने आए एक वायरल वीडियो ने महिला सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 की जमीनी स्थिति पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे वीडियो में एक महिला के साथ सरेआम मारपीट और अभद्रता की जा रही है, जबकि आसपास मौजूद लोग मूकदर्शक बने दिखाई देते हैं। वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि एक व्यक्ति महिला को चप्पल से मारने की कोशिश कर रहा है और उसके कपड़े खींचते हुए उसे अपमानित कर रहा है। महिला खुद को बचाने के लिए जूझती नजर आती है, लेकिन भीड़ में से कोई भी उसकी मदद के लिए आगे नहीं आता।

यह दृश्य न केवल कानून-व्यवस्था की स्थिति को उजागर करता है, बल्कि समाज में बढ़ती संवेदनहीनता की भी गंभीर तस्वीर पेश करता है। घटना के सार्वजनिक स्वरूप ने कई बुनियादी सवाल खड़े कर दिए हैं...क्या अब अपराधियों के मन से कानून का डर खत्म हो चुका है....? क्या सार्वजनिक स्थान पर एक महिला की अस्मिता से खिलवाड़ भी 'निजी मामला' मान लिया जाएगा....? और सबसे अहम, क्या मिशन शक्ति जैसे अभियान केवल कागजी कवायद बनकर रह गए हैं....? वीडियो के वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने मौके पर पहुंचने का दावा तो किया, लेकिन वहां न तो पीड़िता मिली और न ही आरोपी का कोई सुराग हाथ लगा। जिस स्थान पर घटना होने की बात सामने आई, वहां संबंधित दुकान भी बंद मिली। स्थानीय स्तर पर कुछ नाम जरूर सामने आने की बात कही जा रही है जिसे मीडिया सेल में दिया गया, पूरे मामले में सबसे चिंताजनक पहलू पुलिस मीडिया सेल का रवैया भी रहा जो जिले की पुलिस की छवि को धूमिल करने की दिशा में काम कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर जिस तरह मामला बढ़ रहा है, उसके बाद यह देखना अहम होगा कि पुलिस इस प्रकरण में कितनी तेजी और गंभीरता दिखाती है खैर ये तो समय के साथ ही स्पष्ट हो पाएगा। वही मामले में मिल एरिया थाना प्रभारी संजय कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर गई थी, लेकिन वहां कोई नहीं मिला और संबंधित दुकान बंद पाई गई। स्थानीय लोगों से जानकारी मिली है कि वीडियो में दिख रहे लोग पति-पत्नी हैं। मामले में शिकायत मिलने पर जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

**लगे नारे** | **पांच राज्यों के चुनाव में बेहतर प्रदर्शन से जनपद के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में दिखा जोश**

# जीत पर झूमे भाजपाई, एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर मनाया जश्न

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** पांच राज्यों के चुनाव में बेहतर प्रदर्शन से भाजपाइयों के चेहरे खुशी से खिली उठे। अटल भवन स्थित जिला कार्यालय में जोश और उत्साह से अभिभूत पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने खूब जश्न मनाया। जिलाध्यक्ष समेत सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

पांच राज्यों में मतगणना सुबह होते ही भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन पर कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ने लगी। दोपहर दो बजे पं. बंगाल समेत तीन राज्यों में जीत की स्थिति स्पष्ट होते देख जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी के नेतृत्व में नेताओं ने पार्टी के झंडे और बैनर के साथ जिंदाबाद के नारे लगाए और एक दूसरे के मुंह को मीठा कराया। इस मौके पर महामंत्री शरद सिंह, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, नगर प्रभारी शिवेंद्र सिंह, अभिषेक वर्मा, शशिकांत शुक्ला, अजय सिंह आदि मौजूद रहे।



जीत मिलने पर कार्यालय परिसर में खुशी का इजहार करते भाजपा पदाधिकारी।

**राष्ट्रवाद, सकारात्मक विकास और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की जीत, ऊंचाहार:** भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री अभिलाष कौशल ने पश्चिम बंगाल के चुनावी नतीजों पर कहा कि बंगाल की यह जीत केवल किसी भाजपा की जीत नहीं है, बल्कि राष्ट्रवाद, सकारात्मक विकास और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की जीत है। वहीं कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी और मिठाई वितरित करके पार्टी के शानदार प्रदर्शन पर खुशी जताई। इस मौके पर जिला मंत्री राघवेंद्र पांडेय, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र सिंह, वरिष्ठ नेता आशीष तिवारी, मंडल अध्यक्ष पवन सिंह, अमरेश यादव, अरविंद शर्मा, निशा तिवारी, रीना पाल, विकास श्रीवास्तव, विनीत कौशल, जयचंद यादव, राजेंद्र, तुलसीराम, बालेंदु शुक्ल आदि मौजूद रहे।



तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर जश्न मनाते पार्टी कार्यकर्ता। अमृत विचार

**ढोल नगाड़े और पटाखों के बीच निकला विजय जुलूस, लालगंज:** तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर कस्बे में भाजपा कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में विजय जुलूस निकाला गया और भेलपुरी बांटी गई। जलेबी मिष्ठान का भी वितरण हुआ। भारत माता की जय भाजपा जिंदाबाद के उद्घोषों से नगर भगवा मय हो गया। भाजपा प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला ने कहा कि पश्चिम बंगाल सहित अन्य प्रदेशों के चुनाव परिणामों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि जनता का विश्वास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अटूट है। भाजपा नेता जेपी सिंह ने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र ने जाति, धर्म और क्षेत्र की सीमाओं को तोड़कर हर वर्ग को भाजपा से जोड़ा है। भाजपा नेता अनूप पांडे ने भाजपा की शानदार विजय पर कहा कि अनुच्छेद 370 हटाने और राम मंदिर निर्माण जैसे फैसलों ने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को नई ताकत दी है। भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला ने कहा कि यह बदलाव बताता है कि देश अब तुष्टिकरण नहीं, प्रदर्शन की राजनीति चाहता है। विजय जुलूस में शिव प्रकाश पांडे, चंद्रप्रकाश पांडे, कैलाश बाजपेई, सुरेंद्र गुप्ता, शिवम गुप्ता, चंदन त्रिवेदी, राजेश निर्मल, सत्येंद्र बहादुर सिंह, अखिलेश बाजपेई, सानू बाजपेई, कौशलेंद्र कंचन, अर्पित गुप्ता, महेश, बच्चालाल, शिवम आदि मौजूद रहे।


अटल चौक पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते अनूप पांडे। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### बंदर के हमले से 6वीं की छात्रा घायल

**महराजगंज (रायबरेली), अमृत विचार :** सोमवार को कस्बा स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छठवीं की छात्रा आयशा को परिसर में आए एक बंदर ने काट कर घायल कर दिया। स्कूल के शिक्षकों ने तत्काल घायल छात्रा को सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। सूचना पर विद्यालय पहुंचे वन दरोगा सतीश कुमार शर्मा ने बताया कि वन विभाग को सिर्फ काले लंगूर बंदर को ही पकड़ने की अनुमति है। लाल बंदरों को पकड़ने के लिए नगर पंचायत की जिम्मेदारी है। नगर पंचायत महराजगंज ईओ राम आशीष वर्मा ने बताया कि सूचना मिली है। जल्द ही उन्हें पकड़वाकर किसी दूसरे स्थान पर छोड़ा जाएगा।

### बाबा ब्रह्मचारी मंदिर में रामचरितमानस पाठ का शुभारंभ

**महराजगंज (रायबरेली), अमृत विचार :** महराजगंज क्षेत्र के हलोर स्थित बाबा ब्रह्मचारी मंदिर में श्री रामचरितमानस पाठ का शुभारंभ किया गया। श्री रामचरितमानस पाठ के दौरान वाचकों द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन चरित्र का पाठ किया जा रहा है, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो रहे हैं। मंदिर के पुजारी पंडित अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि श्री रामचरितमानस पाठ का विशेष महत्व होता है। मंगलवार को समापन के बाद हवन, पूजन व हलोर निवासी दिनेश द्विवेदी के द्वारा से भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से आयोजन में ज्यादा संख्या में शामिल होने की अपील की है। इस मौके पर रिंकू चौधरी, सूर्य नारायन शुक्ला, उमाकांत पांडेय, युगल किशोर बाजपेई आदि लोग मौजूद रहे।

### भाकियू की बैठक दो संयोजक मनोनीत

**अमेठी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत जिला अमेठी द्वारा चलो गांव की ओर अभियान के तहत ब्लॉक अमेठी और ब्लॉक संग्रामपुर में संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसानों और मजदूरों से जुड़ी समस्याओं, संगठन विस्तार तथा आंदोलन को मजबूत करने पर चर्चा हुई। ब्लॉक अमेठी की बैठक की अध्यक्षता शशि प्रभाकर मिश्रा ने की, जबकि ब्लॉक संग्रामपुर की बैठक की अध्यक्षता प्रेम शंकर द्विवेदी 'निक्की' ने की। बैठक में समय से नहरों में पानी छोड़े जाने, आवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा, चकमार्ग और तालाब की जमीन सुरक्षित किए जाने, किसानों को समय से खाद-बीज उपलब्ध कराने तथा बिजली कटौती कम करने की मांग उठाई गई। इसके अलावा स्मार्ट मीटर को लेकर भी किसानों ने नाराजगी जताई। वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया जाए और किसानों पर अनावश्यक दबाव न बनाया जाए। साथ ही धान व गन्ना भुगतान समय से कराने और गांवों की खराब सड़कों की मरम्मत की मांग भी उठी। कहा कि कि सड़क की मरम्मत किए जाने से ग्रामीणों को काफी राहत मिलेगी। बैठक में संगठन विस्तार के तहत लाल प्रताप वर्मा को ब्लॉक अमेठी तथा राज नारायण द्विवेदी को ब्लॉक संग्रामपुर का ब्लॉक संयोजक मनोनीत किया गया। इस मौके पर राजकुमार पाण्डेय, शिवनाथ सिंह, शैलेन्द्र सिंह, राजेंद्र वर्मा, गीता गुप्ता रहे।

# निराश्रित गोवंशों को गौशालाओं में संरक्षित करें

## संरक्षण संबंधी समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने टीकाकरण व पंजीकरण अभियान तेज करने के आदेश दिए

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जनपद में निराश्रित गोवंशों के संरक्षण और उनके समुचित भरण-पोषण को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी संजय चौहान ने कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सड़कों पर घूम रहे निराश्रित गोवंशों को प्राथमिकता के आधार पर नजदीकी गौशालाओं में संरक्षित किया जाए।

जिलाधिकारी ने गौशालाओं में गोवंशों के लिए पर्याप्त चारा, भूसा, पशु आहार, स्वच्छ पेयजल, छाया और साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही नोडल अधिकारियों को किसानों से संपर्क कर गोवंशों के भरण-पोषण के लिए भूसा दान करने हेतु प्रेरित करने को कहा। बैठक में निर्माणाधीन गौशालाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई और कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। पशु चिकित्सा अधिकारियों को बीमार गोवंशों की नियमित देखभाल और उपचार



समीक्षा बैठक करते डीएम एवं मौजूद संबंधित अधिकारी। अमृत विचार

सुनिश्चित करने के लिए विशेष रूप से निर्देशित किया गया। इसके अलावा निजी पशुपालकों के गोवंशों की अनिवार्य रूप से ईयर टैगिंग कर उन्हें पशुधन पोर्टल पर पंजीकृत करने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. जी.के. शुक्ला, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**किसानों के खाते में भेजी गई फसल बीमा क्लेम की धनराशि, अमेठी:** खरीफ-2025 और रबी-2025-26में अतिवृष्टि और बेमौसम की भारी बारिश के कारण फसल का नुक़सान उठा चुके किसानों को सोमवार को विकास भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में वन क्लिक के माध्यम से फसल बीमा क्लेम का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में किसानों को डेमो चेक भी प्रदान किए गए हैं। उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार और जिला कृषि अधिकारी राजेश यादव के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ल ने छः किसानों को डेमो चेक प्रदान किए। कौशल किशोर शाहगढ़, अमर बहादुर सिंह सिंहपुर, अमर बहादुर सिंह अमेठी, श्री कांत तिलोई ,राम कुमार बहादुरपुर और धर्मराज सिंह मुसाफिरखाना को डेमो चेक प्रदान किए गये हैं। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, कृषि विभाग के सभी अधिकारी और तकनीकी सहायक फूलचंद आदि लोग मौजूद रहे।

### एसडीएम ने लेखपाल को किया निलंबित

**संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार।** तहसील प्रशासन में अनुशासनहीनता और सरकारी कार्यों में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के खिलाफ उपजिलाधिकारी (एसडीएम) ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। एसडीएम आशीष कुमार सिंह ने पदीय दायित्वों के प्रति उदासीनता और उच्चाधिकारियों के आदेशों की अनदेखी करने के मामले में क्षेत्रीय लेखपाल संजीव कुमार द्विवेदी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। लेखपाल पर भ्रामक रिपोर्ट लगाने और विभागीय कार्यों में शिथिलता बरतने का गंभीर आरोप है।पूरा मामला एक विवादित भूमि से जुड़ा है, जिस पर साल 2015-16 में ही विक्रय प्रतिबंधित करने का आदेश दिया गया था। इसके बावजूद, लेखपाल द्वारा बार-बार भ्रामक आख्या प्रस्तुत की गई, जिससे विवाद की स्थिति और उलझ गई। एसडीएम के आदेश के मुताबिक, लेखपाल की भूमिका इस प्रकरण में पूरी तरह से संदिग्ध और संलिप्तता वाली प्रतीत हुई। बार-बार चेतावनी के बाद भी लेखपाल की कार्यशैली में कोई सुधार नहीं आ रहा था। निलंबन की अवधि के दौरान लेखपाल संजीव कुमार द्विवेदी को रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। एसडीएम ने इस पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच के लिए तहसीलदार अमेठी को जांच अधिकारी नामित किया है। नियमानुसार, निलंबन के दौरान उन्हें केवल जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा, बशर्ते वह इस बात का प्रमाण पत्र दें कि वह किसी अन्य व्यवसाय या सेवा में संलिप्त नहीं हैं। वहीं आशीष कुमार सिंह, एसडीएम ने बताया है कि सरकारी कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही और अनुशासनहीनता स्वीकार्य नहीं है। जो भी कर्मचारी उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करेगा और जनता के कार्यों में बाधा डालेगा, उस पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# शौच के लिए गई युवती से दरिंदगी दो दबंगों ने किया सामूहिक दुष्कर्म

संवाददाता, अमेठी

- विरोध करने पर की मारपीट पुलिस ने आरोपियों को दबोचा

**अमृत विचार।** गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शनिवार शाम मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। घर के पास खेत में शौच के लिए गई एक 25 वर्षीय युवती को गांव के ही दो दबंग युवकों ने अपनी हवस का शिकार बनाया। आरोपियों ने न केवल सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया, बल्कि विरोध करने पर युवती के साथ बेरहमी से मारपीट भी की। पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए दोनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक, मामला गौरीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव का है। शनिवार शाम करीब 7:30 बजे एक युवती घर के पास स्थित खेत में शौच के लिए गई थी। घात लगाए बैठे गांव के ही शिव पुत्र शिव रतन व प्रदीप पुत्र हुबलाल ये दोनों युवकों ने उसे अकेला पाकर दबोच लिया। आरोप है कि दोनों ने युवती के साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। जब पीड़िता ने शोर मचाने और खुद को बचाने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और गला दबाकर चुप कराने की कोशिश की। दरिंदगी की हदें पार करने के बाद आरोपियों ने जाते-जाते पीड़िता को खौफनाक धमकी भी दी। उन्होंने कहा कि यदि उसने इस बारे में किसी को बताया तो वे उसके भाइयों को जान से मार देंगे। डर के मारे पीड़िता रात भर सहमी रही, लेकिन रविवार सुबह उसने साहस जुटाकर परिजनों को आपबीती सुनाई, जिसके बाद हड़कंप मच गया। रविवार सुबह पीड़िता परिजनों के साथ कोतवाली पहुंची और नामजद तहरीर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस तत्काल हरकत में आई।

वहीं एसपी सरवणन टी ने बताया कि तहरीर पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीमों ने तत्काल दबिश देकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# ड्रेन में साथियों के साथ नहाने गए युवक की डूबकर मौत

संवाददाता, अमेठी

**हादसा**

- ननिहाल में आया था युवक परिजनों में मचा कोहराम

**अमृत विचार।** पीपरपुर थाना क्षेत्र के गुडुरी गांव से होकर गुजरने वाली लहना ड्रेन मनोरमा नदी में सोमवार एक हृदयविदारक हादसा हो गया। 22 वर्षीय युवक परवेज मुशर्रफ की डूबने से मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक परवेज अपने दो साथियों के साथ सोमवार की सुबह करीब 11 बजे ड्रेन में स्नान करने गया था। इसी दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथ मौजूद किशोरों ने शोर मचाकर ग्रामीणों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद युवक को पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परवेज मुशर्रफ पुत्र इरफान अली रामपुर मजरे वैधिकपुर गांव का निवासी था। वह अपने ननिहाल गुडुरी गांव में सलामत अली उर्फ महीद के यहां शादी समारोह में शामिल होने आया था। परिजनों के अनुसार, परवेज छह भाइयों में सबसे बड़ा था। बेटे की मौत की खबर मिलते ही मां बदरुन निशा बदहवास हो गईं और पूरे परिवार में कोहराम मच गया। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि सोनारी ग्राम पंचायत के विश्वास गांव के पास ड्रेन पर पुल निर्माण कार्य चल रहा है। पुल निर्माण के चलते पानी का बहाव रोक दिया गया था, जिससे जलस्तर अत्यधिक बढ़ गया और हादसा हो गया।

उधर, प्रभारी निरीक्षक श्रीराम पांडेय ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

# सड़क हादसे में युवक की गई जान

संग्रामपुर (अमेठी)

- बाइक पलटने से हुआ हादसा, दो घायल व एक की हालत गंभीर

**अमृत विचार।** सोमवार को थाना संग्रामपुर क्षेत्र के धानापुर-विशेषरगंज मार्ग पर पूरे तालुकदार के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, प्रतापगढ़ जिले के थाना सांगीपुर क्षेत्र के भैंसना गांव निवासी 24 वर्षीय राजू कोरी पुत्र बबलू कोरी अपने साथियों कुमुद शर्मा पुत्र बबलू शर्मा तथा प्रमोद के साथ एक ही मोटरसाइकिल से सैठा-लोहिया नगर मार्ग होते हुए कालिकन धाम जा रहे थे। पूरे तालुकदार के पास अचानक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में राजू कोरी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कुमुद शर्मा और प्रमोद घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर लाया गया, जहां चिकित्सकों ने राजू को मृत घोषित कर दिया। कुमुद शर्मा की हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।सूचना मिलते ही संग्रामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार, सभी लोग गूजीपुर स्थित रिश्तेदार के यहां एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने कालिकन धाम जा रहे थे।बताया गया कि मृतक राजू कोरी अपने परिवार में दूसरे नंबर का था। उससे बड़ी एक बहन और छोटा एक भाई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। शुरुआत में परिजन पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर रहे थे, लेकिन थाना प्रभारी संजय सिंह के समझाने पर वे तैयार हो गए।



राजू कोरी की फाइल फोटो।

**ट्रक ने स्कूटी सवार तीन छात्राओं को मारी टक्कर, हालत गंभीर, मुसाफिरखाना:** मुसाफिरखाना कस्बे के घोसियाना वार्ड संख्या 7 निवासी साहिमा (20) पुत्री समीद, चांदनी (20) पुत्री इलियास अहमद और खुशी (20) पुत्री रजा मोहम्मद स्कूटी से धरौली स्थित आईटीआई कॉलेज जा रही थीं। जैसे ही वे धरौली चौराहे पर सड़क पार करने के लिए स्कूटी रोककर खड़ी हुईं, उसी दौरान लखनऊ से सुल्तानपुर की ओर जा रहा चावल से लदा तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर स्कूटी से जा टकराया। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए और उसका पिछला हिस्सा ट्रक के अगले पहिए में फंस गया। हादसे में तीनों छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से घायल छात्राओं को तुरंत सीएचसी मुसाफिरखाना पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### इंटरलॉकिंग सड़क का किया गया लोकार्पण



सड़क का लोकार्पण करते विधायक श्याम सुंदर भारती। अमृत विचार

**महराजगंज (रायबरेली) अमृत विचार।** सोमवार को महराजगंज विकासखंड की सुल्तानपुर ग्राम पंचायत के चिलौली गांव में विधायक निधि से नवनिर्मित इंटरलॉकिंग सड़क का बछरावां विधायक श्याम सुंदर भारती ने लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि बछरावां की जनता 2027 में प्रदेश में समाजवादी सरकार लाने और अखिलेश यादव को पुन: मुख्यमंत्री बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस मौके पर प्रधान संतलाल लोधी, जिला पंचायत क्षेत्र के प्रत्याशी शिवम यादव, प्रधान प्रतिनिधि हरिश्चंद्र मौर्य, रामफेर यादव और संतलाल पाल आदि लोग मौजूद रहे।

### एम्स में मनाया गया अग्नि सुरक्षा सप्ताह

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) मुंशीगंज में राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशन में 4 से 10 मई तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य संस्थानों में अग्नि सुरक्षा को सुदृढ़ करने, आपातकालीन तैयारी व जागरुकता को बढ़ाने कार्यक्रम का उद्देश्य है। इस मौके पर तकनीकी वेबिनार, अग्नि सुरक्षा ऑडिट, क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण, मॉक ड्रिल एवं निरीक्षण शामिल हैं। इस मौके पर डीन डॉ. नीरज कुमारी, डीन रिसर्च डॉ. अर्चना वर्मा, डीन परीक्षा डॉ. प्रगति गर्ग, अधीक्षक डॉ. नीरज कुमार श्रीवास्तव, वित्तीय सलाहकार यूएन राय, उप निदेशक अखिलेश सिंह मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी व अन्य।

### सफाई कर्मियों के आभाव में गांव में फैली गंदगी

**महराजगंज (रायबरेली) अमृत विचार।** प्रदेश सरकार की ओर से हर एक गांव को स्वच्छ बनाने के लिए तमाम जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वही दूसरी ओर सफाई कर्मियों की निष्क्रियता इस अभियान का पलीता लगाने का काम कर रही है। महराजगंज विकासखंड के मझिगवां के ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर बीते छह माह से सफाई कर्मी न होने के चलते गांव में नाली पटी पड़ी है। जिसके चलते लोगों को खासा परेशानियां उठानी पड़ती हैं। ग्रामीण जगदीश, रामकुमार, सुरेश कुमार, पूर्णमासी, रामपाल, पीयूष, पुनीत आदि ने बताया कि बीते छह माह से सफाई कर्मी नियुक्त न होने के चलते गांव में जगह-जगह कूड़े का अंबार लगा दिखाई दे रहा है। जिसके कारण गांव में बदबू फैल रही है। इस सम्बन्ध में एडीओ पंचायत सीताराम ने बताया कि टीम गठित कर सफाई कराई जाएगी।

### कथक की मोहक प्रस्तुति ने बांधा समां

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** भारतीय शास्त्रीय कला और संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के उद्देश्य से स्पिक मैके द्वारा आनंद पब्लिक स्कूल पूरबगांव जगतपुर में कथक नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतखंडे संस्कृत विश्वविद्यालय से जुड़े बनारस घराने के प्रख्यात कथक कलाकार रुद्र शंकर मिश्र ने शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कथक के पारंपरिक अंग-ठाठ, आमद, तिहाई और भाव-को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उनकी सधी हुई लय, सटीक ताल और भावपूर्ण अभिव्यक्ति ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। संगत में तबले पर उदय शंकर मिश्र, गायन में हर्षित उपाध्याय और सारंगी पर ओम सहाय मिश्र ने प्रस्तुति को और अधिक जीवंत बना दिया। कार्यक्रम संयोजक मधु शुक्ला, प्रबंधक राकेश तिवारी व प्रबंध निदेशक अंजू त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को भारतीय सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के साथ-साथ उनकी रचनात्मकता और कलात्मक समझ को भी विकसित करते हैं। इस अवसर पर जगजीवन प्रसाद बाजपेयी सहित विद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राएं रहे।

### पात्र गर्भवती महिलाओं को बांटी किट

**सलोन (रायबरेली)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलोन में सोमवार को एनीमिया प्रबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत एफसीएम (फेरिक कार्बोक्सीमाल्टोज) सेवाओं का शुभारंभ किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी रायबरेली ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया तथा 11 पात्र गर्भवती महिलाओं को किट वितरित कर एफसीएम की डोज दिलाई। डॉ. प्रशांत ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान एनीमिया एक गंभीर जनस्वास्थ्य समस्या है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर पड़ता है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित कुमार सिंह, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डॉ. शुभकरन सहित समस्त चिकित्सा अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। जिले से डॉ. शरद, डीएस अस्थाना, यासीन अहमद, डॉ. शिवांगी और डॉ. साक्षी समेत अन्य अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

### विज्ञान प्रदर्शनी को देख नौनिहालों में उत्साह

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** आंचलिक विज्ञान नगरी, लखनऊ द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में विज्ञान को लोकप्रिय बनाने और जागरूकता बढ़ाने के लिए एक सचल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। सतांव क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय शंकरगंज में प्रदर्शनी के दौरान विद्यार्थियों को विज्ञान आधारित फिल्म दिखाकर जागरूक किया गया। साथ ही प्रदर्शनी के माध्यम से दैनिक जीवन में मशीनों की उपयोगिता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य सविता सिंह ने शिक्षकों और छात्रों के साथ प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। इस दौरान आशु विज्ञान संचारक, रमेश कुमार, सूरज कुमार यादव ने छात्र/छात्राओं को विज्ञान से संबंधित अनेक प्रयोग दिखाकर विज्ञान के कई सिद्धांतों को सरल तरीके से समझाया।

# ढोल-नगाड़ों के बीच जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा अमेठी

संवाददाता, अमेठी

**भाजपा ने मनाया जश्न**

**अमृत विचार।** तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी के शानदार चुनावी प्रदर्शन से अमेठी के भाजपाइयों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। सोमवार को गौरीगंज स्थित जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल, असम और पांडिचेरी में मिली 'ऐतिहासिक विजय' का जश्न मनाया। जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला के नेतृत्व में जुटे कार्यकर्ताओं ने गगनभेदी नारों के साथ एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशियां साझा कीं। उत्सव के दौरान कार्यालय का माहौल पूरी तरह केसरिया रंग में रंगा नजर आया। कार्यकर्ताओं ने इस प्रचंड जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कड़े परिश्रम को दिया। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री 'दीदी' स्मृति इरानी और राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के प्रति भी आभार प्रकट किया गया। जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि यह जीत उन कार्यकर्ताओं के समर्पण का परिणाम है। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी, चन्द्रमौलि सिंह और राकेश त्रिपाठी ने भी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री विषुव मिश्रा, सोनू यज्ञसैनी, जयप्रकाश तिवारी, अजय अग्रवाल और अजय सिंह, मंडल अध्यक्ष गौरीगंज ग्रामीण, दिनेश तिवारी, संतोष दुबे और विनोद मिश्रा रहे।



जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला को मिठाई खिलाकर जश्न मनाते कार्यकर्ता।



शुकुल बाजार के अंबेडकर चौराहा पर जश्न मनाते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

**देश की जनता विकासवाद के साथ खड़ी-गिरीश, शुकुल बाजार:** कस्बा स्थित अंबेडकर चौराहा पर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल,असम और पांडिचेरी में मिली जीत की खुशी में जोरदार जश्न मनाया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष गिरीश चन्द्र शुक्ल ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और आतिशबाजी कर जीत का उत्सव मनाया। गिरीश चन्द्र शुक्ल ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि देश की जनता भाजपा की विकास नीतियों पर भरोसा जता रही है। गि इस मौके पर भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष शंकर बक्स सिंह भाजपा नेता अरूण शुक्ला, राम जी भुट्टाली तिवारी शोभ नाथ द्विवेदी मनोज शर्मा जितेंद्र पाण्डे बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

**आक्रोश** ग्रामीणों ने पीएमजीएसवाई विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप

# बदहाल गूढ़ा-चन्दापुर मार्ग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

शिवगढ़ (रायबरेली)

**अमृत विचार।** कार्यदायी संस्था एवं पीएमजीएसवाई विभाग की लापरवाही से वर्षों से जर्जर एवं गड्ढों में तब्दील गूढ़ा-चन्दापुर वाया बेड़ारु सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण पिछले एक साल से अधर में लटका होने से नाराज ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने सोमवार को जोरावर खेड़ा के पास सड़क पर खड़े होकर पीएमजीएसवाई एवं कार्यदाई संस्था के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की।

गौरतलब हो कि करीब 16 माह पूर्व टेण्डर प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद अभी तक नवीनीकरण शुरू नहीं हो सका। जिसको लेकर क्षेत्र के लोगों में पीएमजीएसवाई विभाग के प्रति गहरा रोष व्याप्त है, जल्द ही नवीनीकरण शुरू न होने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। समाजवादी पार्टी के भौसी न्याय पंचायत सेक्टर प्रभारी श्रवण कुमार का कहना है कि करीब 9 किमी लम्बे गूढ़ा-चन्दापुर वाया बेड़ारु सम्पर्क मार्ग के पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील होने से स्कूली छात्र-छात्राओं एवं राहगीरों को आवागमन में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस सम्पर्क मार्ग का जल्द नवीनीकरण कार्य शुरू न होने पर राष्ट्रीय कल्याण मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज कुमार रावत, बंकागढ़ प्रधान दुर्गेश बहादुर, दिनेश यादव, सोनू हाण्ड़ा आदि लोगों ने जिलाधिकारी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिकायत करने की बात कही है। इस संबंध में पीएमजीएसवाई विभाग के जेई ओपी वर्मा ने बताया कि सम्बंधित ठेकेदार के पास पत्र भेजकर अतिशीध्र नवीनीकरण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।



गूढ़ा-चन्दापुर वाया बेड़ारु सम्पर्क मार्ग पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

### मांगों को लेकर भाकियू श्रमिक शक्ति ने किया आमरण अनशन

**सरेनी (रायबरेली), अमृत विचार।** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन श्रमिक शक्ति के प्रदेश अध्यक्ष की अगुवाई में किसानों की 16 सूत्रीय मांगों को लेकर रानीखेड़ा बाजार में आमरण अनशन शुरू हो गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिकांत तिवारी ने कहा कि यूनियन ने पूर्व में चार बार आमरण अनशन किया था लेकिन अधिकारी अपने वादे पर खरे नहीं उतरे हर बार आश्वासन ही हाथ लगे। उन्होंने कहा कि जब तक हमारी मांगे नहीं मानी जाएगी अनशन चलता रहेगा। अनशनकारी प्रदेश अध्यक्ष बुद्धिलाल पंडा ने कहा कि हम किसान हित के लिए नहरों में पानी स्मार्ट मीटर हटवाने आदि 16 सूत्रीय मांग कर रहे हैं। इसके लिए पूर्व में भी आमरण अनशन किए गए लेकिन अधिकारी आश्वासन का झुनझुना देकर अनशन तोड़वा देते थे लेकिन अबकी बार मांगे पूरी न किए जाने तक अनशन समाप्त न करने का संकल्प लिया है। इस मौके पर संतोष कुमार सिंह, दिलीप कुमार, देवराज पाल, कमलेश निषाद, राम प्रसाद, विश्राम लोधी, बृजेश निषाद, कन्हैयालाल, आजाद, रामकिशोर पांडे, छेदीलाल, शिव शंकर पासवान, राजेश कुमार, देवेंद्र कुमार आदि लोग मौजूद थे।



सरेनी में आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता।

